दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली | शुक्रवार 07 मार्च-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 77 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3






दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित








● नई दिल्ली। शुक्रवार 07 मार्च-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 77 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







### उत्तराखंड के हर्षिल में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# मुझे मां गंगा ने गोद ले लिया है...



**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज एक दिन के दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे, जहां उन्होंने मुखबा गांव में मां गंगा की पूजा-अर्चना की और हर्षिल में लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने मां गंगा के प्रति गहरी आस्था जताते हुए कहा कि उनके आशीर्वाद से ही उन्हें दशकों तक उत्तराखंड की सेवा का मौका मिला और काशी तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने कहा, ?मां गंगा की कृपा से मैं आज उनके मायके मुखबा गांव आया हूं। यह उनका दुलार और स्नेह है कि मैं उनके इस बच्चे के रूप में यहां खड़ा हूं। पीएम ने यह भी दोहराया कि काशी में उन्होंने कहा था, ?मुझे मां गंगा ने बुलाया है।

**आखिरी गांव नहीं प्रथम गांव: पीएम मोदी :** पीएम मोदी ने कहा कि 1962 में जब चीन ने भारत पर हमला किया तो जादूंग गांव को खाली करवा दिया गया था। तब से यह गांव खाली थी। हमने इन गांवों को फिर से बसाने और टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने का अभियान चलाया है। पहले सीमावर्ती गांवों को आखिरी गांव कहा जाता था। हमने यह सोच बदल दी। हमने कहा यह हमारे आखिरी गांव नहीं है, अब यह हमारे प्रथम गांव हैं। हमने वाइब्रेंट विलेज योजना शुरू की है।

**हर साल 50 लाख यात्री पहुंच रहे हैं उत्तराखंड :** पीएम मोदी ने कहा कि 2014 से पहले हर साल औसतन 18 लाख यात्री आते थे अब हर साल 50 लाख यात्री आते थे। 50 नए टूरिस्ट डेस्टिनेशन को विकसित किया जाएगा। उत्तराखंड के बॉर्डर वाले इलाकों को भी पर्यटन का विशेष लाभ देना है।

**उत्तराखंड में कोई भी सीजन... ऑफ सीजन ना हो: पीएम मोदी :** पीएम मोदी ने कहा कि अभी कल ही केंद्रीय कैबिनेट ने केदारनाथ रोपवे प्रोजेक्ट और हेमकुंड रोपवे प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। केदारनाथ रोपवे बनने के बाद जो यात्रा 8 से 9 घंटे में पूरी होती है, अब उसे लगभग 30 मिनट में पूरा कर लिया जाएगा। इससे बुजुर्गों, बच्चों के लिए केदारनाथ यात्रा और सुगम हो जाएगी। उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाने के लिए हमारी डबल इंजन सरकार मिलकर काम कर रही है। आधुनिक एक्सप्रेस वे, राज्य में रेलवे, विमान और हेलीकॉप्टर सेवाओं का विस्तार पिछले 10 वर्षों में तेजी से हुआ है।


विस्तृत खबर, पृष्ठ 2


# नगर निगम की बोर्ड बैठक आज : गृह कर, पार्षदों के भत्ते, विकास कार्यों और फोटो और टूर का विषय रहेगा प्रमुख







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को लंबे समय बाद नगर निगम के सभागार में नगर निगम की बोर्ड बैठक आयोजित की जा रही है। बोर्ड बैठक को लेकर जहां बुधवार को ही पार्षदों ने बता दिया था कि वह तल्ख तेवरों के साथ बैठक में पहुंचने वाले हैं। तो पार्षदों ने भी इस बार बोर्ड बैठक को लेकर अपने स्तर पर तैयारी की हुई है। नगर निगम के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को नगर निगम के सभागार में होने वाली बैठक में पार्षदों के इंश्योरेंस और भत्ते का विषय प्रमुखता के साथ उठेगा। तो वहीं शहर के विकास कार्यों में देरी और उनके बजट को बढ़ाने के मामले में पार्षद एकजुट होंगे।

इसके साथ ही नगर निगम के सभी पार्षदों के फोटो नगर निगम के सदन में महापौर के साथ लगवाने और पार्षदों को भी टूर पर लेकर जाया जाए। इसके साथ ही पार्किंग एरिया के रेट बढ़ाने और गृह कर में बढ़ोत्तरी से लेकर नगर निगम की दुकानों वाले विषय पर भी चर्चा हो सकती है। इसके साथ ही इंदिरापुरम हैंडओवर के मामले को लेकर भी इंदिरापुरम वाले पार्षद एकजुट होकर आवाज बुलंद करेंगे। नगर निगम के सूत्र बता रहे हैं कि शुक्रवार को होने वाली बैठक लंबी चल सकती है और इसमें हंगामे के भी आसार हैं।

### पुनः निरीक्षित बजट पर होगी सबसे पहले चर्चा

करंट क्राइम : शुक्रवार को होने वाली बैठक दो चरणों में रखे जाने की जानकारी मिली है। पहले चरण में जहां पुन : निरीक्षित बजट को लेकर अधिकारी, पार्षद, महापौर और निगम के अधिकारियों के बीच बातचीत होगी और नगर निगम के पार्षद अपने क्षेत्र के विकास कार्यों के विषय को उठाएंगे। इसके साथ ही नगर निगम के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी जाएगी कि किस वार्ड में कितनी धनराशि के कार्य कराए गए हैं और कौन से कराए जाने शेष हैं।

### मैराथन भी चल सकती है नगर निगम की बोर्ड बैठक

करंट क्राइम : मार्च में हो रही इस बैठक को लेकर कई तरीके की चर्चा सुनाई दे रही है। सुनने में आ रहा है कि यह बैठक मैराथन भी चल सकती है। इसमें शहर के विकास से लेकर नगर निगम की आय बढ़ाने के तमाम गंभीर विषयों पर चर्चा होनी है। तो इस बैठक में पार्षद भी अपने भत्ते, इंश्योरेंस और फोटो फ्रेम से लेकर टूर वाले प्लान के साथ प्लानिंग कर चुके हैं। देखना होगा कि शुक्रवार को होने वाली नगर निगम की बोर्ड बैठक में क्या रुख नजर आता है।

# नगर निगम की बैठक में आज रहेगी 100 वार्डों की गूंज

## हाउस टैक्स, दुकानें और पार्षदों का भत्ता रहेगा निगम की बैठक में प्रमुख रूप से मौजूद



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम की बोर्ड बैठक आज हो रही है। इस बैठक को लेकर सबसे बड़ी बात ये बताई जा रही है कि इस बैठक में मुद्दों का विस्फोट ही भाजपा पार्षदों की तरफ से होगा। वो कई मुद्दों पर फैसला चाहते हैं।

वो एक जनप्रतिनिधि के रूप में वार्ड का विकास चाहते हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि आज होने जा रही बैठक में इन सभी की नजर मेयर पर रहेगी, क्योंकि मेयर निगम सदन की मुखिया हैं और पार्षद ये चाहते हैं कि उनके मुद्दों को मेयर समर्थन दें। निगम की बैठक में पार्षद अपने भत्ते की मांग को लेकर भी आ सकते हैं। नगर निगम के पार्षद पत्र लिख चुके हैं। वो एकता बना चुके हैं और व्हॉट्सएप ग्रुप पर ऐलान हो चुका है।

पार्षद-मेयर और अपनी लिये हैल्थ बीमा चाहते हैं। पार्षद चाय-पानी का खर्चा निगम से चाहते हैं। वो एक ऑफिस चाहते हैं और ऑफिस के किराये से लेकर ऑफिस का कर्मचारी का वेतन निगम से चाहते हैं। इसके लिये वो 50 हजार रूपए महीना का भत्ता चाहते हैं।

आज जब निगम की बैठक होगी तो भत्तों का मामला गूंजेगा। इसके अलावा यहां हाउस टैक्स के मामले को लेकर मोर्चा खुलेगा।

बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर पार्षद आवाज उठाएंगे और यहां उनकी उम्मीदें मेयर से रहेंगी। सूत्र बताते हैं कि दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम का मामला भी उठेगा।

यहां कुछ पार्षदों के निशाने पर निगम की कुछ कंपनियां रहेंगी, इन कंपनियों को विकास से जुड़े कुछ कार्य दिये गये हैं। निगम की मुखियां मेयर हैं और यहां पार्षदों को आज ये उम्मीद अपनी मेयर से रहेगी कि पार्षदों की मांगों को लेकर मेयर की तरफ से क्या स्टेंड लिया जाता है।

### साप्ताहिक पैठ बाजारों को लेकर क्या आएगा स्पष्ट फैसला



निगम क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहि पैठ बाजारों की बॉल अब निगम के खाते में हैं। मुख्य सचिव के आदेश के बाद निगम ने ये ऐलान कर दिया था कि वो साप्ताहि बाजार के लिये वैंडिंग जोन बनाएंगे। तब तक यथा स्थिति रखने के आदेश दिये गये थे। नगर निगम ने जहां पैठ बाजार को लगाने के लिये कहा था वहीं यह भी स्पष्ट किया था कि दुकानों के आगे पीली पट्टी खींची जाएगी और जो बाजार साप्ताहिक बंदी में आते हैं उन बाजारों में साप्ताहिक बंदी के दिन ही इन दुकानों के आगे ठेली-पटरी वाले अपना पैठ बाजार लगा सकते हैं। वहं इस लाइन को लेकर दुकानदारों में रोष है। उन्होंने इस लाइन को लेकर विरोध जताया था। उनका कहना है कि नगर निगम साप्ताहिक बाजार की व्यवस्था कहीं ओर करें। ऐसे में आज नगर निगम की महत्वपूर्ण बैठक में पैठ बाजार का मुद्दा अहम रहेगा। क्योंकि पैठ बाजार को लेकर पक्ष में भी भाजपा के पार्षद उतरे थे और विरोध में भी भाजपा के पार्षद आए थे। ऐसे में आज नगर निगम की बोर्ड बैठक में पैठ बाजार को लेकर निगम के स्तर पर कोई स्पष्ट नीति आ सकती है। कोई स्पष्ट आदेश आ सकता है। गर निगम के सदन की मुखिया मेयर है और उन्हें ही फैसला लेना है।

### लोकसभा सांसद अतुल गर्ग आज नहीं रहेंगे निगम की बोर्ड बैठक में मौजूद

# कहा, हमारी शक्तियां मेयर के साथ और मेयर हैं सबसे मजबूत





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आज नगर निगम की बोर्ड बैठक है और बोर्ड बैठक को लेकर निगम के पार्षदों ने पूरी तैयारी की है। उन्होंने बैठक से पहले एक बैठक की और अपने मुद्दों को उठाया। आज वो अपने वार्ड के रुके हुए कामों का मुददा उठाएंगे। कोई अवस्थापना को लेकर आवाज उठाएगा। सूत्र बताते हैं कि कई पार्षद तो पूरी तैयारियों के साथ वार्मअप होकर आ रहे हैं। नगर निगम के सदन में जब बोर्ड बैठक होती है तो लोकसभा सांसद, विधायक, एमएलसी इसका पदेन हिस्सा होते हैं। वो अगर निगम की बैठक में आते हैं तो उनके लिये सम्मानपूर्वक कुर्सी लगती है। वो नगर निगम के सदन में वोटर भी होते हैं। इस बार निगम की बैठक में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को होना महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसकी वजह ये है कि सांसद अतुल गर्ग ने पत्र लिखकर नगर निगम की दुकानों के मुद्दे को उठाया। उन्होंने यहां पांच बिंदु दिये और एक विकल्प निगम के सामने रखा कि यदि निगम चाहे तो इन दुकानदारों को इन शर्तों के तहत राहत दे सकता है। लिहाजा बोर्ड बैठक में निगम के 1702 दुकनदारों को ये उम्मीद है कि लोकसभा सांसद ने उनके लिये पत्र लिखा। अधिकारियों से कहा और व्यापारियों के फॉर्मूले को माना। अब ऐसे में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग पर व्यापारियों की नजरें हैं। वो ये उम्मीद लगाए बैठे हैं कि अगर सांसद अतुल गर्ग निगम की बोर्ड बैठक में जाएंगे तो दुकानों का मुद्दा उठेगा और यहां इस पर कोई सहमति बन सकती है। दैनिक करंट क्राइम ने इस पूरे मामले को लेकर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से बात की। अतुल गर्ग ने कहा कि वह प्रधानमंत्री योजना के एक कार्यक्रम में अतिव्यस्त हैं। आज उन्हें आयुष्मान भारत दवाई केंद्रों पर जाना है। इसलिए वह नगर निगम की बोर्ड बैठक में मौजूद नहीं रहेंगे। यहां जब नगर निगम की किराये की दुकानों का मामला बताया गया तो अतुल गर्ग ने कहा कि हम सबकी ताकत अपनी मेयर के साथ है। उन्होंने कहा कि चाहे वो लोकसभा सांसद हों, चाहे वो विधायक हों, चाहे वो एमएलसी हों हम सबका समर्थन मेयर को है। उन्होंने कहा कि हमारी मेयर सदन में मजबूत हैं और वह हमारी भी ताकत हैं, वह हमारी भी आवाज हैं और वह जनता के साथ हैं। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि सांसद और विधायकों की शक्ति तथा मेयर की शक्ति में कोई अंतर नहीं है। मेयर जो करेंगी वो निगम के हित में करेंगी, व्यापारियों के हित में करेंगी और मैं एक बार फिर ये दोहरा रहा हूं कि हमारी मेयर निगम के सदन में पूरी तरह मजबूत है।

# निगम के सदन में आज गूंजेगी भाजपा पार्षदों की आवाज

## 40 पार्षद कहेंगे मैं गीता हाथ में लेकर खाता हूं पूरी ईमानदारी से कसम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आज नगर निगम की बोर्ड बैठक है और ये बैठक कई मुद्दों को लेकर महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बोर्ड की इस बैठक से पहले पार्षदों ने एक प्री बोर्ड बैठक कर ली है। पार्षद अपने लिये एक निजाम चाहते हैं। वो इस इलजाम से मुक्ति चाहते हैं कि वो विकास कार्यों में कोई कमी निकालते हैं। अक्सर ये आवाज उठती है कि पार्षद हर निर्माण के कार्य में तीन से पांच प्रतिशत की हिस्सेदारी की बात करते है। आज जब निगम की बोर्ड बैठक होगी तो एक नजारा सबसे रोचक रहेगा और ये नजारा पार्षदो के हाथ में भगवत गीता का रहेगा। आमतौर पर पुरानी फिल्मों ये दिखाया जाता है कि गवाही से पहले सच बोलने की शपथ के साथ गवाहों को गीता की कसम खिलाई जाती है। नगर निगम के सदन में आज गीता की कसम होगी। भाजपा के पार्षद नगर निगम के सदन में बोर्ड बैठक शुरू होते ही गीता की कसम खाएंगे। वो हाथ में श्रीमद् गीता लेकर जाएंगे और सदन शुरू होते ही वो हाथ में गीता लेकर कसम खाएंगे। सूत्र बता रहे हैं कि भाजपा पार्षदों ने इसकी तैयारी कर ही है। वो अपने साथ गीता लेकर जाएंगे और अपने-अपने हाथ में गीता लेकर कसम खाएंगे। ये नजारा रोचक रहेगा कि गीता की कसम वाले सीन में वो पार्षद भी आएंगे जिन पर इसी बात का इल्जाम है। आज ये देखते हैं कि निगम की सदन में गीता की कसम में ईमानदारी की कितनी जान है।

### अधिकारियों से भी खिलवाएंगे सदन में गीता की शपथ




**करंट क्राइम।** सरकार के पार्षद सरकार की छवि को लेकर सजग हैं। वो इस बात को लेकर नाराज हैं कि आखिर कौन सरकार की बदनामी करता है और निगम के गलियारों में गीता की कसम का किस्सा गूंज रहा है। वो बता रहे हैं कि उन्होंने वार्ड में पूरी ईमानदारी से विकास कार्य कराये है। जब काम ईमानदारी से हुआ है तो फिर गीता की कसम खाने में क्या डर। वो हाथों में पवित्र गीता को लेंगे और कसम खाएंगे। सूत्र बताते हैं कि कसम वाले इस सीन में भाजपा के 40 पार्षद, नगर निगम के अधिकारियों, चीफ इंजीनियर और कई अवर अभियंताओं को भी ले आएंगे। वो नगर निगम के सदन में खुलकर ये ऐलान करेंगे कि हमने कसम खा ली है और अब तुम्हारी बारी है और अगर तुम कसम नहीं खाते हो तो इस बात का क्या अर्थ निकाला जाए। आज यही देखना रोचक रहेगा कि जब भाजपा पार्षद अनुरोध करेंगे तो निगम के कौन से अधिकारी गीता हाथ में लेकर कसम नहीं खायेंगे।

# लाखों भक्तों तक पहुंचाया अग्निशमन विभाग ने महाकुंभ से लाया अमृत जल

## पुलिस लाइन से लेकर थानों में वितरित किया गया प्रयागराज महाकुंभ का गंगाजल

### मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने वितरित करवाया जल

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** गुरुवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस लाइन से लेकर कमिश्नरेट के अलग-अलग जोन के अंतर्गत आने वाले थानों में प्रयागराज से लाया गया अमृत जल वितरित करने का कार्यक्रम किया गया। अग्निशमन विभाग के पुलिसकर्मियों द्वारा पुलिस लाइन से लेकर थानों में वितरित किया गया। इस दौरान गाजियाबाद के लाखों लोगों के घर तक गंगाजल प्रयागराज से लाया गया लोगों तक पहुंचाया गया है। गंगाजल पाने के लिए लोग थाने और पुलिस लाइन में अपने पात्र लेकर पहुंचे थे। जहां उन्हें प्रयागराज में आयोजित हुए महाकुंभ 2025 के संगम के घाट का गंगा जल वितरित किया गया।





### हजारों लीटर गंगाजल किया गया वितरित



करंट क्राइम : मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने जानकारी दी है कि गुरुवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले सिटी, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन में अलग-अलग फायर स्टेशन ऑफीसर द्वारा फायर टेंडर लेकर पहुंचे। जहां लाखों लोगों के घर तक प्रयागराज से लाया गया महाकुंभ का गंगा जल वितरित किया गया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के दौरान अग्निशमन विभाग के पुलिसकर्मियों द्वारा बेहतर ढंग से पहले ड्यूटी की गई और अब पुण्य कमाने का भी काम किया गया है। इस दौरान शहर फायर स्टेशन के प्रभारी शेषनाथ यादव ने पुलिस लाइन और कवि नगर थाने सहित सिटी जोन के थानों में जल वितरित कराने में योगदान दिया।

## उत्तराखंड दौरे पर पीएम, देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर सीएम धामी ने किया स्वागत

# मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया है : नरेंद्र मोदी



### डबल इंजन सरकार कर रही काम

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में तेजी से विकास हुआ है। ऑल वेदर रोड, रेल प्रोजेक्ट, हेलीकॉप्टर कनेक्टिविटी जैसी योजनाओं को शुरू किया गया है। केदारनाथ रोपवे प्रोजेक्ट को शुरू किया गया है। इससे केदारनाथ यात्रा सुगम होगी। 8 से 9 घंटे में पूरी होने वाली यात्रा को महज 30 मिनट में पूरा कराया जाएगा। इसके लिए सरकार करोड़ों रुपये खर्च करने जा रही है। केंद्रीय कैबिनेट ने इसे मंजूरी दे दी है। माणा गांव से लेकर जादुंग गांव तक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को शुरू किया गया।



### पीएम मोदी ने बाइक रैली को दिखाई हरी झंडी

पीएम नरेंद्र मोदी ने बाइक रैली और ट्रैकिंग अभियान को हरी झंडी दिखाई। इससे पहले पीएम मोदी ने मुखबा गांव पहुंच कर मां गंगा के मायके में स्थित मंदिर में उनकी पूजा-अर्चना की। उत्तरकाशी में पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर जबर्दस्त उत्साह दिख रहा है। प्रधानमंत्री ने जादुंग और पीडीए के लिए मोटर बाइक एवं एटीवी-आरटीवी रैली को हरी झंडी दिखाई है। इसके अलावा जनकताल एवं मुलिंगला के लिए ट्रैकिंग अभियान को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।





### पीएम मोदी ने की पूजा-अर्चना

पीएम नरेंद्र मोदी ने मुखबा गांव पहुंच कर मां गंगा की पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिर कमिटी की ओर से उनका स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने मंत्रोच्चार के बीच मां गंगा की अराधना की। इस दौरान उन्हें मां गंगा की चुनरी प्रसाद में दी गई। इसके बाद मंदिर परिसर से पीएम मोदी ने हिमालय का दर्शन किया। वे टेलीस्कोप के जरिए हिमालय का दर्शन करते दिखाई दिए। मौके पर मौजूद लोगों और स्थानीय ग्रामीणों का पीएम मोदी ने हाथ हिलाकर अभिवादन किया।











**देहरादून:** पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे हैं। पीएम मोदी इस दौरे के दौरान हर्षिल में बड़ी जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर पहले ही तैयारियों को पूरा किया गया। बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता इस जनसभा को सफल बनाने में लगे रहे। उत्तरकाशी में पीएम मोदी के आगमन को लेकर जबर्दस्त उत्साह दिखा। पीएम मोदी ने यहां पहुंचने के बाद सबसे पहले मां गंगा की शीतकालीन गद्दी स्थल मुखबा धाम पहुंच कर पूजा-अर्चना की। इसके जरिए पीएम मोदी शीतकालीन चार धाम यात्रा को प्रोत्साहित किया। सुबह में पीएम मोदी उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे। जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद पीएम मोदी हर्षिल के लिए सेना के हेलीकॉप्टर से रवाना हुए। पीएम मोदी ने उत्तराखंड में 50 साल पहले बिताए दिनों को याद करते हुए कहा कि यहां की प्रदर्शनी को देखकर मुझे एक बार फिर उन इलाकों में जाने का मन करता है। उन्होंने प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा दिए जाने के लिए विशेष कार्यक्रम तैयार करने पर बल दिया।

### पीएम मोदी ने हादसे पर जताया दुख

चमोली एवलांच में मारे गए 8 लोगों के प्रति पीएम मोदी ने दुख जताते हुए अपने संबोधन की शुरूआत की। मां गंगा के जयकारे के साथ भाषण की शुरूआत करने वाले पीएम मोदी ने कहा कि देश ने हादसे के दौरान जिस प्रकार की एकजुटता दिखाई, उससे हमें हौसला मिला है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई। मां गंगा से खुद को जोड़ते हुए कहा कि काशी में हमने कहा था कि मां गंगा ने हमें बुलाया है। कुछ दिन पहले मुझे अनुभूति हुई है कि मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया है। आज मैं मां गंगा के मायके आया हूं। यह भी एक प्रकार का संयोग ही है। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अजय टाम्टा, राज्य सरकार में मंत्री सतपाल महाराज, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्टा, माला राजलक्ष्मी, सुरेश चौहान आदि मौजूद रहे।

#### सीमावर्ती गांव आखिरी नहीं पहले

1962 के चीन हमले का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जादुंग गांव को खाली कराया गया था। छह से सात दशक बाद भी इस गांव को सरकारों ने भुला दिया था। हमारी सरकार इस गांव को फिर से बसाने की योजना पर काम कर रही है। हम इस गांव को टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित कर रहे हैं। इसके अलावा 50 नए टूरिस्ट डेस्टिनेशन को विकसित करना है। सीमावर्ती गांवों को टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने की योजना है। उन्होंने कहा कि आप सर्दियों में इन इलाकों में आएं। स्कूलों से लेकर तमाम पर्यटकों का यहां आने का आह्वान किया। फिल्मों की शूटिंग के लिए उत्तराखंड को फेवरेट डेस्टिनेशन बनाने की अपील की।

#### घाम तापो पर्यटन का आह्वान

पीएम मोदी ने कहा कि हमने साफ कहा है, सीमावर्ती गांव आखिरी नहीं, देश के पहले गांव हैं। इन गांवों में होमस्टे को विकसित किया जा रहा है। हम यहां से लोगों और युवा पीढ़ी से आह्वान करते हैं कि पहाड़ों पर घाम तापो पर्यटन का हिस्सा बनें। दरअसल, सर्दियों में जब देश में कोहरा होता है तो यहां पहाड़ों पर धूप होती है। युवा और कॉरपोरेट वर्ल्ड के साथी विंटर पर्यटन का हिस्सा बनें। पीएम मोदी ने कहा कि विदेशों में विंटर पर्यटन का कल्चर है। सभी स्टेकहोल्डर्स इसका अध्ययन करें। उसको लेकर यहां विकास कार्यक्रमों को चलाएं। उत्तराखंड सरकार से भी विदेशों में स्टडी कराकर यहां काम कराने पर जोर दिया।

पीएम नरेंद्र मोदी का हेलिकॉप्टर हर्षिल पहुंच गया है। एमआई-17 हेलिकॉप्टर से पीएम मोदी हर्षिल पहुंचे हैं। यहां से पीएम मोदी सीधे मां गंगा के शीतकालीन प्रवास मुखबा के लिए रवाना होंगे। मुखबा स्थित गंगा मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 मिनट तक मां गंगा की विशेष पूजा अर्चना करेंगे। पीएम मोदी के हर्षिल में जनसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। इसको लेकर सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। पीएम की जनसभा स्थल पर बिना पास के कोई भी नहीं जा पाएगा। चीन सीमा पर पीएम मोदी के दौरे को लेकर सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं।

पीएम के कार्यक्रम के दौरान हर्षिल और मुखबा क्षेत्र को जीरो जोन घोषित किया गया है। जमीन से आसमान तक पर चौकसी बढ़ाई गई है। वहीं, हर्षिल में पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में उत्साह दिख रहा है। सीमांत गांव के ग्रामीण गुरुवार सुबह 7 बजे से ही जनसभा स्थल पर पहुंचने लगे। बड़ी संख्या में लोगों का यहां पहुंचना जारी है।

उत्तराखंड पहुंचने पर पीएम नरेंद्र मोदी का सीएम पुष्कर सिंह धामी ने स्वागत किया। पीएम मोदी का स्वागत करने सीएम धामी जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे थे। इस दौरान सीएम धामी ने कहा कि अपने ऊर्जावान नेतृत्व और अथक प्रयासों से देवभूमि उत्तराखंड के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले पीएम मोदी रहे हैं। राष्ट्र उत्थान के महान साधक, विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता पीएम मोदी का देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर आज जौलीग्रांट एयरपोर्ट देहरादून पहुंचकर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।

पीएम नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड दौरे को लेकर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उनका स्वागत किया गया है। सोशल मीडिया एक्स पर किए गए पोस्ट में सीएम धामी ने कहा कि पीएम मोदी का धर्म, अध्यात्म और बलिदान की पावन धरा देवभूमि उत्तराखण्ड आगमन पर हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में विकासः सीएम



हर्षिल में आयोजित जनसभा में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश-प्रदेश का विकास हो रहा है। उत्तरकाशी के इस ऊंचाई वाले इलाके में पहुंच कर पीएम मोदी ने विकास की नई धारा बहाने की योजना शुरू की है। हम पीएम मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड के चहूमुखी विकास के लिए कृतसंकल्प हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने केदारनाथ रोपवे परियोजना को मंजूरी दी है। इससे उत्तराखंड के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। चार धाम यात्रा सुगम होगी। सीएम धामी ने कहा कि हमें हमेशा पीएम का मार्गदर्शन मिला है। इससे उत्तराखंड के विकास में सहयोग मिला।

---

## साहित्योत्सव : आज से दिल्ली के रवीन्द्र भवन में साहित्य के महाकुंभ का आगाज

### जुटेंगे 700 से ज्यादा रचनाकार, पुरस्कार अर्पण शनिवार को

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी के साहित्योत्सव का आज से आगाज हो रहा है। 12 मार्च तक रवींद्र भवन परिसर में चलने वाले साहित्य के इस महाकुंभ में देश भर के 700 से ज्यादा नामचीन लेखक व साहित्यकार हिस्सा लेंगे। वहीं, उत्सम में 50 से ज्यादा भाषाओं का प्रतिनिधित्व होगा। साहित्य अकादमी पुरस्कार अर्पण उत्सव का मुख्य आर्कषण होगा। इसमें 2024 के अकादमी पुरस्कारों के लिए चयनित साहित्यकारों को पुरस्कृत किया जाएगा।

साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में बताया कि इस साल यह एशिया का सबसे बड़ा साहित्य उत्सव होगा। केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शुक्रवार को इसका उद्घाटन करेंगे।

छह दिवसीय आयोजन में करीब 100 अधिक विभिन्न सत्र होंगे। इसमें अलग-अलग भाषाओं के 700 से ज्यादा नामचीन लेखक और साहित्यकार शामिल होंगे। इस दौरान देश भर में चलने वाली साहित्यिक गतिविधियों पर संजीदा विमर्श होगा। साहित्य जगत के इस महामंथन से निकला अमृत साहित्यकारों के साथ पाठकों को साहित्य के नए आयामों से परिचित कराएगा।

अकादमी का कहना है कि आयोजन के दूसरे दिन शनिवार को अर्पण समारोह है। इसमें साहित्य अकादमी पुरस्कारों से नवाजे गए साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा।

साहित्य अकादेमी

## रमजान में रोजेदारों पर महंगाई की मार

### आसमान छू रहे फलों के दाम, कीमतें 50% तक बढ़ीं





**नई दिल्ली।** राजधानी में रमजान के पाक महीने में फल और सब्जियों की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। इफ्तार और सहरी के लिए जरूरी फल-सब्जियां अब लोगों की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। बाजारों में सेब, केले, खजूर, तरबूज से लेकर अंगूर के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे रोजेदारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हर साल रमजान में फलों और सब्जियों की मांग बढ़ती है, लेकिन इस बार महंगाई ने आम जनता की जेब पर भारी असर डाला है।

**फलों और सब्जियों के बढ़ते दामों से लोग परेशान :** दिल्ली के कई बाजारों में फलों और सब्जियों के दामों में भारी बढ़ोतरी देखने को मिली है, इंद्रपुरी, राजेंद्र नगर, मोती नगर, करोल बाग, लाजपत नगर, कनॉट प्लेस, शादीपुर, उत्तम नगर और द्वारका की मार्केट में सेब 200 रुपए किलो, केले 100 रुपये दर्जन, अमरूद 150 रुपये किलो, अंगूर 150 रुपये किलो तक पहुंच गए हैं। ग्राहक परेशान हैं कि रोजा रखने के लिए जरूरी सामान खरीदना भी अब भारी पड़ा है।

जिसकी वजह से आम लोगों की जेब पर काफी असर पड़ा है। ऐसे में इंद्रपुरी निवासी अनिल गुप्ता ने बताया कि पहले जो फल किलो में खरीदे जाते थे, अब वही 250-500 ग्राम में लेने पड़ रहा हैं। वहीं, छोटे दुकानदारों को भी इस महंगाई का असर झेलना पड़ा है। करोल बाग के दुकानदार राजेश वर्मा ने बताया कि थोक में ही सब्जियां महंगी मिल रही हैं, जिससे ग्राहक भी कम हो गए हैं। रोजेदार सलमा ने बताया कि रमजान में इफ्तार के लिए फल जरूरी होते हैं, लेकिन महंगे दामों के कारण अब पहले जितनी खरीदारी करना मुश्किल हो गया है।

**मंडी में सब्जियों की आवक घटी, दामों में उछाल :** दिल्ली की आजादपुर, केशोपुर, नजफगढ़, गाजीपुर मंडी में फल व सब्जियों की आवक कम होने से उनके दामों में उछाल आया हैं। ऐसे में आजादपुर मंडी के थोक विक्रेता शहाबुद्दीन ने बताया कि हाल ही में फल की आपूर्ति में कमी आई है, जिससे दाम बढ़ गए हैं। रमजान के दौरान फलों की मांग बढ़ जाती है, क्योंकि रोजेदार इफ्तार में अधिक फल खाते हैं। उन्होंने बताया कि इस समय मंडी में माल कम आ रहा है, जिससे कीमतों में और उछाल देखने को मिला है। आमतौर पर, इस सीजन में मांग बढ़ने और आपूर्ति कम होने से दाम ऊपर चले जाते हैं। अगर सप्लाई सामान्य होती तो दाम स्थिर रहते, लेकिन अभी खरीदारों को महंगे दामों पर खरीदारी करनी पड़ी है।

### गृहमंत्री ने पूछा दिल्ली में क्यों लगता है जाम

## पुलिस ने बताया- ठीक नहीं है सड़कों की सोशल इंजीनियरिंग

**नई दिल्ली।** राजधानी में जगह-जगह लगने वाले जाम का मुद्दा दिल्लीवासियों की परेशानी का सबब बना हुआ है। इस मामले में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कई जगहों पर जबरदस्त जाम लगता है। इसमें नई दिल्ली जैसा वीआईपी एरिया भी शामिल है। इस मामले में उन्होंने दिल्ली पुलिस से जवाब तलब किया है।



इसका जवाब देते हुए दिल्ली पुलिस ने सड़कों की सोशल इंजीनियरिंग को खराब बताते हुए 90 दिन की कार्ययोजना बनाकर समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हाल ही में दिल्ली की मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव व दिल्ली पुलिस आयुक्त समेत सभी निकाय प्रमुखों की गृहमंत्रालय में बैठक बुलाई थी।

इसमें अमित शाह ने ट्रैफिक जाम की समस्या को बड़ी बताते हुए कहा था कि दिल्ली में कई जगहों पर जबरदस्त जाम लगता है। इससे निपटने के लिए क्या इंतजाम हैं। दिल्ली पुलिस इस मामले में क्या कर रही है। समस्या को जल्द से जल्द दूर किया जाए।

---

## सीएम रेखा गुप्ता अचानक पहुंची दिल्ली के सरकारी स्कूल, हालत देख प्रिंसिपल पर बिफरी

### पीने का पानी नहीं ...टॉयलेट में पानी नहीं आ रहा है

**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को शालीमार गांव के वार्ड नंबर 55 स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल में पेयजल की सुविधा से लेकर क्लासरूम तक का निरीक्षण किया। कई खामियां दिखीं। इस पर उन्होंने फौरन मौके पर मौजूद स्कूल की प्रिंसिपल से कहा, ऐसी उम्मीद नहीं थी। आप यह मानिए कि यहां पर गलत हो रहा है।



**बच्चों के लिए दिल्ली स्कूल में पीने का पानी नहीं:** मुख्यमंत्री ने प्रिंसिपल से कहा कि यहां पर पीने का पानी नहीं आ रहा है। क्या करें? बताइए, इसे हटा दें। इसके बाद प्रिंसिपल ने कहा, मैम, आज ठीक हो जाएगा। इस पर मुख्यमंत्री ने प्रिंसिपल से कहा कि मुझे आपसे इस जवाब की उम्मीद नहीं थी। आप यह मान लीजिए कि यहां पर गलत हो रहा है। बच्चों के लिए यहां पीने का पानी नहीं आ रहा है। टॉयलेट में पानी नहीं आ रहा है। यह ठीक नहीं है। आप इस चीज को मानिए। इस पर प्रिंसिपल ने मुख्यमंत्री से कहा कि सॉरी मैम, आज ठीक हो जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि न ही स्कूल में बच्चों के लिए पीने के पानी की कोई उचित व्यवस्था की गई है और न ही शौचालय में उनके लिए पानी की व्यवस्था है। विद्यालय में इस तरह के कुप्रबंधन से बच्चों को कितनी दिक्कतें हो रही होंगी।

**आप अपनी जिम्मेदारियों से नहीं भाग सकतेः** मुख्यमंत्री ने प्रिंसिपल से इन सभी खामियों को फौरन दुरुस्त कराने को कहा। उन्होंने कहा कि आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि विद्यालय में पढ़ने वाले किसी भी विद्यार्थी को कोई दिक्कत न हो। यह आपकी जिम्मेदारी है। आप अपनी जिम्मेदारियों से नहीं भाग सकती हैं। इस पर प्रिंसिपल ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि इन सभी समस्याओं को दूर कर लिया जाएगा।

## कुंभ में गड़बड़ी फैलाने की फिराक में था आतंकी लजार मसीह: डीजीपी

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने गुरुवार को बब्बर खालसा इंटरनेशनल (खालिस्तानी आतंकी संगठन) एवं आईएसआई के माड्यूल के सक्रिय आतंकी को गिरफ्तार किया है। इसे कौशांबी जिले से पकड़ा गया है। इसकी पहचान लजर मसीह पुत्र कुलविंदर के रूप में हुई है। इसके कब्जे से खतरनाक हथियार बरामद हुए हैं। पकड़ा गया आतंकवादी महाकुंभ में हमला करने की योजना बनाकर यहां पहुंचा था।



केंद्रीय एजेंसियों से प्राप्त इनपुट पर काम करते हुए यूपी एसटीएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अपर पुलिस अधीक्षक लाल प्रताप सिंह की टीम ने पंजाब का भगोड़ा एवं बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े खालिस्तानी आतंकी लजर को गिरफ्तार कर लिया है। यह कुरतियां, पोस्ट मकीवल, थाना रामदास, अमृतसर, पंजाब का रहने वाला है।

**फर्जी पासपोर्ट बनवाने की फिराक में था**

इसके कब्जे से तीन सक्रिय हैंड ग्रेनेड, दो जिलेटिन रॉड, दो सक्रिय डेटोनेटर, एक विदेशी पिस्टल, विदेशी कारतूस जिंदा, एक मोबाइल (बिना सिम कार्ड) और एक फर्जी पते का आधार कार्ड बरामद हुआ है। बताया गया कि इसने फर्जी अभिलेखों के आधार पर गाजियाबाद से आधार कार्ड बनवाया था। उसी के माध्यम से फर्जी पासपोर्ट बनवाने की फिराक में था।

पूछताछ में पता चला कि आतंकी लजर पाकिस्तान में बैठे तीन आईएसआई एजेंटों के संपर्क में है। वह आर्म्स हेरोइन की तस्करी के मामले में जेल गया था। जेल के अंदर गैंगवार में इसे चोट लग गई थी। इलाज के लिए गुरू नानकदेव हास्पिटल, अमृतसर में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में पुलिस को चकमा देकर 24 सितंबर 2024 को फरार हो गया था।

## होली : यात्रियों की सुविधा के लिए यूपी में चलेंगी 1035 नई बसें

### 10 मार्च से प्रदेश में शुरू होंगी होली के मद्देनजर स्पेशल ट्रेनें

**लखनऊ।** परिवहन निगम की ओर 1035 नई बसें लखनऊ सहित प्रदेश के 19 परिक्षेत्रों को दी गई हैं। यह बसें होली पर राहत बनकर दौड़ेंगी। इससे उन यात्रियों को खासी राहत मिल जाएगी, जो ट्रेनों की लंबी वेटिंग से परेशान हैं और त्यौहार पर घर जाने में परेशानी महसूस कर रहे हैं।





परिवहन निगम ने नोएडा को छोड़कर अपने अन्य सभी 19 रीजन को बसें दी हैं। कई परिक्षेत्रों को बसें आवंटित भी कर दी गई हैं। पहले चरण में जहां 1035 बसों का वितरण किया गया है। वहीं अगले चरण में जल्द ही 1297 बसें दी जाएंगी। प्रत्येक परिक्षेत्र को करीब सौ से अधिक नई बसें मिलेंगी। निगम के जीएम संचालन अंकुर विकास ने आवंटन संबंधी दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं।

लखनऊ परिक्षेत्र को 1035 बसों में से पहले चरण में 70 बसें मिलेंगी। वहीं अगले चरण की 1297 बसों में लखनऊ को 60 बसें आवंटित की जाएंगी। इसी क्रम में मेरठ को 65 व 85, चित्रकूट को 30 व 75, अयोध्या को 46 व 30, कानपुर को 55 व 50, गोरखपुर को 54 व 60, देवीपाटन को 30 व 50, बरेली को 64 व 60, हरदोई को 70 व 60, आजमगढ़ को 49 व 50, वाराणसी को 60 व 80, सहारनपुर को 65 व 85, इटावा को साठ-साठ, आगरा को 65 व 85, मुरादाबाद को 60 व 75, गाजियाबाद को 60 व 97, अलीगढ़ को 60 व 85 एवं प्रयागराज को 72 व 60 बसें दी जाएंगी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 07 मार्च -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Himanshulove Sharma is with Deepak Bhati and 35 others.
21h

आज काफी लंबे समय बाद मेरे प्रिय मित्र और मेरे बचपन के साथी प्रिय भाई इकबाल सिंह सोढ़ी जी का मेरे कार्यालय पर आगमन हुआ पिछले दिनों उनका स्वास्थ्य भी बहुत खराब रहा प्रभु उनको स्वस्थ रखें और वह खुश रहे सदा मस्त रहें और व्यापार में आगे बढ़ते रहे इकबाल सिंह सोढ़ी जैसा मित्र मिल पाना कठिन होता है



# निगम की बोर्ड बैठक से पहले पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने उठाए तीन बड़े सवाल

## कहा क्या निगम के जिम्मेदार अधिकारी नहीं करवाना चाहते बोर्ड बैठक, उठाया संपत्ति कर का गंभीर विषय

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को नगर निगम के सभागार में बोर्ड बैठक है और बोर्ड बैठक से पहले पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने तीन विषयों को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि जिस तरीके से बोर्ड बैठक को लेकर देरी की जा रही है यह भी ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में अधिकारी नगर निगम के अधिनियम की अवहेलना कर रहे हैं। नगर निगम नियमावली के अनुसार कार्यकारिणी की बैठक हर माह अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। तो यह साल में 12 तो होनी ही हैं, अधिकतम भी की जा सकती हैं। वहीं बोर्ड बैठक हर दो माह में होना अनिवार्य है और साल में 6 बार कम से कम होनी चाहिए। पूर्व पार्षद ने सवाल उठाया है कि क्या नगर निगम में इस नियम का पालन किया जा रहा है। वहीं नगर निगम के सीनियर पार्षद रहे पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने कहा है कि पिछली बोर्ड बैठक में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और विधायक अजीत पाल त्यागी के सामने संपत्ति कर बढ़ाने के मामले को निरस्त कर दिया गया था। निगम की बोर्ड बैठक में निरस्त हुए फैसले के खिलाफ किसी भी अधिकारी को जाने का अधिकारी ही नहीं है। उसके बावजूद तमाम जोन में बढ़ी हुई दरों पर टैक्स वसूला जा रहा है। उन्होंने नगर निगम के सभी पार्षदों, महापौर और कार्यकारिणी के सदस्यों से कहा है कि वह नगर आयुक्त, जोनल प्रभारी और कर निर्धारण अधिकारी से अंडरटेकिंग लें कि वह किसी भी जोन में बढ़ा हुआ टैक्स नहीं ले रहे हैं। साथ ही उन्होंने जीडीए और आवास विकास द्वारा बसाई गई कॉलोनी में नगर निगम द्वारा अपनी अलग पैमाइश और मास्टर प्लान के विपरीत जाकर कर लगाने के विषय को भी उठाया जाएगा। उन्होंने कहा है कि शुक्रवार को जो नगर निगम की बोर्ड बैठक हो रही है, उसमें सभी पार्षदों, महापौर और नगर आयुक्त को इन तीनों विषयों पर विस्तार से बातचीत करनी चाहिए और शहरहित व नगर निगम के हितों को ध्यान में रखते हुए इसका अनुपालन भी कराया जाना चाहिए।

### पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने कहा टैक्स वसूली पर मनमानी नहीं चलेगी, जनता का शोषण नहीं होने दिया जाएगा




### नल और ग्रीन बेल्ट कैसे हो सकता है सड़क का हिस्सा : राजेंद्र त्यागी

**करंट क्राइम :** नगर निगम के पूर्व पार्षद और निगम एक्ट के जानकार राजेंद्र त्यागी का कहना है कि जिन इलाकों को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण या आवास विकास द्वारा बसाया गया है वहां की सड़कों से किस लिहाज से कर वसूली होगी, इसका अधिकार निगम को नहीं है। निगम बेवजह ग्रीन बेल्ट और नाले को सड़क से जोड़कर 16 से 24 मीटर दर्शा रहा है। जिससे लोगों व भवन स्वामियों से अधिक टैक्स मिल सके। उन्होंने इस मामले को लेकर भी आपत्ति जताई है और कहा है कि जनता का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। इस मामले को लेकर वह टैक्स की मनमानी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ जल्द ही आवाज भी बुलंद करेंगे।

### नगर निगम में बोर्ड बैठक समय पर ना होना पार्षदों के अधिकारों का हनन : राजेंद्र त्यागी



**करंट क्राइम :** नगर निगम में लंबे समय तक पार्षद रहे पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने कहा है कि अगर बोर्ड बैठक समय पर नहीं हो रही है। तो यह पार्षदों के अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा है अगर किसी विषय पर बोर्ड में सर्वसहमति से बात रखी गई है, तो वह सर्वोपरि होती है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से नगर निगम में बजट और पुन :निरीक्षित बजट को लेकर देरी हो रही है, यह भी ठीक नहीं है। पूर्व सीनियर पार्षद ने कहा कि अगर पुन : निरीक्षित बजट देरी से आ रही है, तो बड़े प्रस्ताव कौन करवा रहा है। उन्होंने कहा कि पुन: निरीक्षत बजट अक्टूबर में ही हो जाना चाहिए था लेकिन यह मार्च तक पहुंच रहा है, यह गंभीर विषय है। जब देरी से बजट पर चर्चा होगी, तो उसका अनुपालन भी देरी से ही होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि नगर आयुक्त 10 लाख रुपए, महापौर 15 लाख रुपए के विकास कार्य करवा सकते हैं लेकिन जो 30 लाख रुपए तक के काम हो रहे हैं, वह बोर्ड बैठक में जाने चाहिए, क्या ऐसा हो रहा है। यह भी एक बड़ा सवाल है।

### क्या अधिकारी देंगे पार्षदों को अंडरटेकिंग

**करंट क्राइम :** पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने विषय उठाया है कि जब पिछले बोर्ड बैठक में टैक्स बढ़ोत्तरी का विषय निरस्त कर दिया गया था, तो नगर निगम में टैक्स बढ़ाकर कैसे वसूला जा रहा है। क्या नगर आयुक्त, जोनल प्रभारी और कर निर्धारण अधिकारी इस प्रकार की कोई अंडरटेकिंग दे सकते हैं कि वर्ष 2024-25 में कहीं पर भी बढ़ी हुई दरों से टैक्स नहीं लगाया गया है। जब यह फैसला बोर्ड बैठक में हुआ था, तो इस पर नगर निगम के अधिकारी किस प्रकार से मनमानी कर रहे हैं। क्या कुछ लोगों की मंशा है कि नगर निगम में टकराव की स्थिति पैदा हो। साथ ही उन्होंने कहा है कि बोर्ड और महापौर के किसी प्रस्ताव पर अगर असहमति है तो उसे शासन को भेजा जाना चाहिए, खुद निर्णय लेना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा है कि अगर हाउस टैक्स बढ़ा हुआ लिया जा रहा है तो जनता जवाब मांगेगी की बोर्ड के निरस्त किए गए फैसले पर मनमानी कैसे की जा रही है।

# दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर का कॉरिडोर निर्माण शुरू

## महंत नारायण गिरी ने जताया पीएम मोदी और सीएम योगी का आभार

### उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा 6 करोड़ रुपए की धनराशि की गई जारी






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के प्राचीन शिव मंदिर दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर को जल्द ही पर्यटन और प्रदेश के लिहाज से नई पहचान मिलने वाली है। इसकी शुरूआत बृहस्पतिवार से हो गई है। दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में कॉरिडोर के प्रथम चरण में मुख्य द्वार और यात्री निवास का निर्माण होगा। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गुरुवार तड़के पहले चरण का काम शुरू हो गया है। करदायी संस्था ने प्रवेश द्वार के निर्माण को लेकर पिलर के लिए खुदाई शुरू कर दी है। वहीं कॉरिडोर बनाने के लिए शासन की ओर से पर्यटन विभाग को 6 करोड़ रुपए मिले हैं। ऐतिहासिक दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर को बनारस के भोले बाबा के बनाए गए कॉरिडोर की तर्ज पर यह पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा उपचुनाव से पहले इसकी शुरू किए जाने की घोषणा की थी। तो वहीं शहर विधायक संजीव शर्मा से लेकर सांसद अतुल गर्ग इसके निर्माण के लिए प्रयासरत थे। वहीं नगर निगम गाजियाबाद भी इस मामले के प्रोजेक्ट को आगे बढ़ा रहा था। कॉरिडोर के प्रथम चरण के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड यूपीपीसीएल को अधिकृत किया गया है। दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के कॉरिडोर का निर्माण शुरू होने पर दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है।

### 6 करोड़ की लागत से शुरू हो रहा है काम

**करंट क्राइम :** दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर का जो कॉरिडोर बनाया जाएगा, इसकी शुरूआत गुरुवार से हो गई है। कॉरिडोर के पहले चरण में मुख्य गेट और यात्री निवास के निर्माण का कार्य का शुभारंभ किया गया है। इसकी जेसीबी से खुदाई कर दी गई है। वहीं अब गाजियाबाद का दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर का गलियारा वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और महाकालेश्वर कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा 6 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। जिससे इसका निर्माण कार्य शुरू किया गया है।

### कॉरिडोर के लिए 45 दुकान होगी स्थानांतरित

**करंट क्राइम :** दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के लिए कॉरिडोर का निर्माण शुरू हो गया है। अब जस्सीपुरा मोड़ से दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर तक सड़क चौड़ी होगी। इसके लिए कुल 45 दुकानों को स्थानांतरित किया जाएगा। नगर निगम नई दुकानों का निर्माण बस अड्डे के पास बने एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर के सामने कराएगा। निगम यह प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखेगा, प्रस्ताव पास होते ही दुकानों को शिफ्ट करने के काम को तेजी से शुरू कर दिया जाएगा। उधर मंदिर के निर्माण कार्य शुरू होने पर दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी ने कहा है कि यह हिंदुओं की आस्था से जुड़ा एक बड़ा मंदिर हैं, जो महाभारत और रामायण काल में भी चर्चा का विषय रहा है। यहां रावण भी पूजा अर्चना करने आते थे।

### पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा और भक्तों में दिखेगी आस्था

**करंट क्राइम :** दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के कॉरिडोर प्रोजेक्ट के लिए काम शुरू कर दिया गया है। कॉरिडोर जब पूरा बनेगा, तो इससे दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर को एक अलग पहचान मिलेगी। साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। वहीं दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में महाशिवरात्रि, शिवरात्रि, सावन के सोमवार और विशेष आयोजनों पर दिल्ली-एनसीआर से बड़ी संख्या में भक्तगण यहां पूजा अर्चना के लिए आते हैं। तो वहीं यहां के शिवलिंग की अलग-अलग अलौकिकता है। यह सिद्धपीठ के रूप में भी जाना जाता है। यहां बड़ी संख्या में शिव भक्त जलाभिषेक करते हैं। तो वहीं देश के जाने-माने कलाकार, राजनेता, अधिकारी व नामचीन हस्ती इस मंदिर में रुद्राभिषेक और जलाभिषेक करने के लिए आते रहते हैं। यह भोले बाबा का पश्चिम उत्तर प्रदेश में प्रमुख मंदिरों में से एक है।

# मेट्रो को लेकर हुई हाई वोल्टेज मीटिंग

## फेरी वाले, ई-रिक्शा वाले, ऑटो वाले जाम को लेकर रहे टारगेट पर

### समन्वय को बनाते हुए समस्याओं को जल्द निराकरण कराया जायेः सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष उपाध्याय

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशानुसार सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष उपाध्याय की अध्यक्षता में राजस्व जिला गाजियाबाद के क्षेत्राधिकारी के अन्तर्गत आने वाले मैट्रो स्टेशनों से सम्बंधित समन्वय समिति की बैठक सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक के दौरान नगर निगम गाजियाबाद, लोक निर्माण विभाग, यातायात विभाग व समाज कल्याण विभाग से सम्बंधित 9 बिन्दुओं के निस्तारण पर विस्तार से विचार–विमर्श किया गया। नगर निगम से सम्बंधित शहीद स्थल, मोहन नगर व शहीद नगर में सफाई से सम्बंधित था, जिस पर मेट्रो प्रतिनिधियों ने बताया कि उक्त क्षेत्र में नियमित रूप से सफाई हो रही है। वहीं शहीद नगर में फुटपाथ के क्षतिग्रस्त और अतिक्रमण होने की समस्या थी। सिटी मजिस्ट्रेट ने पीडब्लूडी व मैट्रो प्रतिनिधियों को संयुक्त निरीक्षण कराने के निर्देश दिए। वहीं श्याम पार्क मैट्रो स्टेशन गेट सं.–2 के बाहर फेरीवालों/विक्रेताओं के कारण आवागमन की शिकायत थी, सम्बंधित अधिकारी ने बताया कि अभियान चलाकर उन्हें हटाते हैं किन्तु चलायमान होने के कारण पुनः वहीं खड़े हो जाते है। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा इस समस्या के निस्तारण के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाएं।



### भिक्षुकों को लेकर नहीं निकला कोई उचित हल

**करंट क्राइम।** समन्वय समिति की बैठक में मैट्रो के प्रतिनिधियों ने बताया कि शहीद स्थल, कौशाम्बी, वैशाली आदि स्टेशनों पर भिक्षुकों के कारण यात्रियों को समस्या होती है। इस समस्या पर समाज कल्याण विभाग ने कहा कि उनके पास भिक्षुक गृह की व्यवस्था संचालित नहीं है। सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.संतोष उपाध्याय ने सभी अधिकारी और मैट्रों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय को बनाते हुए कार्य करें, सभी समस्याओं को जल्द निराकरण कराया जायेगा। बैठक में एसपी मिश्र अधिशासी अधिकारी नगर निगम, रामराजा ईई पीडब्लूडी, ओमपाल सिंह, राममिलन ट्रेफिक पुलिस, आरसी श्रीवास्तव मैट्रो प्रतिनिधि, तनुज गुप्ता मैट्रो प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### पांच स्टेशन पर लग रहा है ई-रिक्शा की वजह से जाम, बना प्लान

**करंट क्राइम।** कौशाम्बी मेट्रो स्टेशन में नाला निर्माण होना है जिसके लिए उन्होंने निर्देश दिये कि पीडब्लूडी व मैट्रों के प्रतिनिधि निरीक्षण करें, और स्थायी समाधान निकालें। इसके साथ ही शहीद स्थल, हिण्डन रिवर, मोहनगर व राजबाग में ई–रिक्शा/ऑटो आदि के द्वारा जाम लगा रहता है, जिस कारण यात्रियों को आवागमन में समस्या होती है। यातायात विभाग ने बताया कि उक्त के खिलाफ लगातार चालान व सीज़िंग की कार्यवाही की जाती है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुछ ई–रिक्शा पर नम्बर प्लेट भी नहीं होती है, जिस कारण समस्या आती है। सिटी मजिस्ट्रेट ने यातायात विभाग व आरटीओ को समन्वय बनाते हुए कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही चालान व सीज़िंग की कार्यवाही की रिर्पोट प्रस्तुत करने के आदेश दिये।

# कुछ तो चल रही है कवि सम्मेलन को लेकर हिंदी वालों के दिल में तकरार

## चर्चा एक कवि सम्मेलन में नहीं होंगे चीफ वार्डन ललित जायसवाल के दीदार






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर में सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम होते ही रहते हैं। सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं तो यहां सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन और हिंदी भवन समिति के अध्यक्ष तथा कविनागर रामलीला समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल को इग्नोर नहीं किया जा सकता। वो हमेशा से सामाजिक सरोकारों से जुड़कर चलते हैं, वो परोपकारों से जुड़कर चलते हैं। बड़ी बात ये है कि महानगर में एक बार फिर से थियेटर संस्कृति को पुनर्जिवित करने में ललित जायसवाल का एक बड़ा योगदान रहा है। उनके प्रयासों के बाद ही हिंदी भवन में नाटकों के मंचन का सिलसिला शुरू हुआ। कविनगर की रामलीला को हाइटैक बनाने में ललित जायसवाल के अथक प्रयास हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर वो बेहद सुंदर आयोजन कराते हैं।

सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार से उत्कृष्ट योगदान के लिये सम्मानित हो चुके हैं। शहर की सांस्कृति और सामाजिक गतिविधियों से जुड़ा ये अहम चेहरा आखिर एक कवि सम्मेलन से क्यों दूरी बना रहा है। शहर की सांस्कृति बिरादरी से लेकर काव्यात्मक बिरादरी तक ये चर्चा गूंज रही है।

ललित जायसवाल ने हाल ही फ्लोवर शो आयोजित कराया है और उनका ये फ्लोवर शो सुपर-डुपर हिट रहा है। सामाजिक-सांस्कृति सरोकारों से जुड़े ललित जायसवाल आखिर कवि सम्मेलन से क्यों दूरी बना रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इस कवि सम्मेलन से कई ऐसे चेहरे जुड़े हैं जो कभी ललित जायसवाल के सबसे खास हुआ करते थे, लेकिन अब इन चेहरों के साथ ललित जायसवाल के दीदार नहीं होते हैं।

बीते दिनों ललित जायसवाल ने जब फ्लोवर शो कराया तो फ्लोवर वाले ये चेहरे ही नहीं दिखाई दिये। वो क्यों नहीं आए इस बात का बेहतर जवाब ललित जायसवाल जानते हैं। फिलहाल पता चला है कि महानगर में आयोजित होने वाले एक कवि सम्मेलन में ललित जायसवाल के दीदार नहीं होंगे। सूत्र बता रहे हैं कि इस बड़े चेहरे को समर्पित कवि सम्मेलन आयोजन हर साल होता है। इस बार भी उनकी स्मृति में ये कवि सम्मेलन आयोजित होना है, लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि इस कवि सम्मेलन में ललित जायसवाल नहीं दिखाई देंगे।

सूत्र बता रहे हैं कि हो सकता है कि उस दिन ललित जायसवाल नगर से बाहर हों। कारण जो भी हो, लेकिन वो कवि सम्मेलन में नहीं रहेंगे।

सूत्र बताते हैं कि ये एक बड़ी दीवार है और दीवार में दरार है।

इसलिए सुना है कि कुछ तकरार है। कवि सम्मेलन से जुड़े सूत्र बताते हैं कि ललित जायसवाल के ना आने की वजह शहर के एक कवि ही बेहतर बता सकते हैं।

## संपादकीय

# जीवन में हो संतुलन

काम के दिन और घंटों से जुड़ा विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। इनफोसिस के कोफाउंडर एन आर नारायणमूर्ति ने कुछ समय पहले देश के नौजवानों को यह सलाह दी थी कि उन्हें सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए। अब एल एंड टी के चेयरमैन एस.एन सुब्रमण्यम ने इस बात पर अपनी बेबसी जाहिर की है कि वह अपने कर्मचारियों से सप्ताह में 90 घंटे काम नहीं करवा पा रहे हैं। उनके मुताबिक कर्मचारियों को रविवार के दिन भी काम में जुटे रहना चाहिए।

देखा जाए तो बिजनेस हेडों और कंपनियों के सीईओ जैसे पदों पर काम कर रहे लोगों में यह सोच पहले से रही है कि कर्मचारियों को अधिक से अधिक काम करने के लिए प्रेरित किया जाए। व्यक्तिगत स्तर पर इस तरह के प्रयासों में कोई बुराई नहीं है, जब तक कि संबंधित कर्मचारियों के सामने इसे स्वीकार करने या न करने की स्वतंत्रता बनी रहती है। दिक्कत तब खड़ी होती है जब वे अपनी इस सोच को पॉलिसी के रूप में दूसरों पर लादने का प्रयास करते हैं या इसे राष्ट्र निर्माण जैसे मकसद की आड़ देते हैं।

ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या सचमुच किसी देश की या किसी कंपनी की भी उन्नति इस बात पर निर्भर करती है कि वहां लोग कितनी देर तक काम करते हैं। क्या काम की मात्रा ही सबकुछ है या काम की क्वॉलिटी पर भी ध्यान देने की जरूरत होती है? और जब बात क्वॉलिटी की हो तो क्या यह संभव है कि जिन कर्मचारियों के जीवन में क्वॉलिटी न हो, उनके काम में क्वॉलिटी बनी रहे?

जीवन में क्वॉलिटी बनाए रखने के लिए ही वर्क-लाइफ बैलेंस को जरूरी माना गया है। यही वजह है कि हर्ष गोयनका जैसे बिजनेस लीडर्स भी इसकी अहमियत को रेखांकित कर रहे हैं और यही वजह है कि दीपिका पादुकोण जैसी सिलेब्रिटीज भी इस बहस के संदर्भ में मेंटल हेल्थ का मुद्दा उठा रही हैं।

बात-बात में राष्ट्र का सवाल उठाने वाले बिजनेस बॉसों को समझना चाहिए कि राष्ट्र के विकास के लिए सिर झुकाकर खटते रहने वाले युवाओं से ज्यादा अहमियत स्वतंत्र चेतना वाले युवाओं की है। ऐसे युवाओं की जो वर्कप्लेस पर एम्प्लॉयी के रूप में अपना बेस्ट देने के बाद मनुष्य के रूप में अपने विकास पर ध्यान देते हों और परिवार, आस पड़ोस तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी अच्छे से निर्वाह करते हों।

# लगातार दूसरे दिन बाजार में रहा बुल्स का जोर

## सेंसेक्स 610 अंक चढ़ा, निफ्टी 22500 के करीब



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में गुरुवार को लंबी बिकवाली के बाद लगातार दूसरे दिन खरीदारों का जोर रहा। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन सेंसेक्स 609.86 अंक उछलकर 74,340.09 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 207.40 अंक चढ़कर 22,544.70 के स्तर पर पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 6 पैसे गिरकर 87.12 (अनंतिम) पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में मजबूत खरीदारी से भारतीय बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगातार दूसरे दिन हरे निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स करीब 610 अंक की बढ़त के साथ 74,000 अंक के स्तर को पार कर गया, जबकि निफ्टी भी लगातार दूसरे दिन 22,500 अंक से ऊपर बंद हुआ। शुरूआती गिरावट से उबरते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 609.86 अंक या 0.83 प्रतिशत उछलकर 74,340.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 660.57 अंक या 0.89 प्रतिशत बढ़कर 74,390.80 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया। एनएसई का निफ्टी 207.40 अंक या 0.93 प्रतिशत बढ़कर 22,544.70 पर बंद हुआ। सत्र के दौरान 50 शेयरों वाला यह सूचकांक 219.15 अंक या 0.98 प्रतिशत चढ़कर 22,556.45 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मास्यूटिकल्स, अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहे। टेक महिन्द्रा, कोटक महिन्द्रा बैंक, जोमैटो, टाटा मोटर्स और इंडसइंड बैंक पिछड़ गए।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कनाडा और मैक्सिको की वाहन कंपनियों पर टैरिफ में नरमी के ट्रंप के फैसले तथा डॉलर सूचकांक में कमजोरी के बाद सकारात्मक वैश्विक संकेतों के कारण भारतीय सूचकांक में मजबूती देखी गई। नायर ने कहा कि मांग में कमी और चीन से आर्थिक प्रोत्साहन के कारण कच्चे तेल की कीमतों में सुधार से ऊर्जा और धातु क्षेत्रों में आशावाद बढ़ा है।

# व्यापार युद्ध की आशंका गहराने से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट

## ब्रेंट क्रूड 70 डॉलर प्रति



**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमतों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही। ब्रेंट क्रूड अब 70 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है, जो छह महीने का निचला स्तर पर है। अमेरिका की ओर से कनाडा, चीन व मेक्सिको पर टैरिफ लगाने के बाद व्यापार युद्ध बढ़ने की आशंका से तेल की कीमतों पर असर देखा जा रहा है। ब्रेंट वायदा बुधवार को 1.02 डॉलर या 1.44% गिरकर 70.02 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 1.33 डॉलर या 1.95 फीसदी गिरकर 66.93 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। ऐसी आशंका है कि प्रभावित देशों की ओर से अमेरिका पर लगाए जाने वाले जवाबी टैरिफ वैश्विक आर्थिक वृद्धि को धीमा कर देंगे। इससे ईंधन की मांग घटेगी। इस बीच, पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) और रूस सहित उसके सहयोगियों ने 2022 के बाद पहली बार तेल उत्पादन बढ़ाने का फैसला किया। इससे कच्चे तेल की कीमतों पर दबाव और बढ़ गया। ओपेक प्लस अप्रैल से प्रतिदिन 1.38 लाख बैरल की मामूली वृद्धि करेगा, जो लगभग 60 लाख बैरल प्रतिदिन की कटौती को कम करने के लिए मासिक वृद्धि का पहला कदम है। यह वैश्विक मांग के करीब 6 फीसदी के बराबर है।

# एफएमसीजी कंपनियों को बिक्री बढ़ने की आस

## आयकर राहत व ब्याज दरों में कटौती से बढ़ सकती है मांग



**नई दिल्ली।** फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) कंपनियों के लिए तीसरी तिमाही काफी मिली जुली रही। कंपनियों की आय तो बढ़ी लेकिन कच्चे माल की बढ़ती कीमतों की वजह से मार्जिन पर दबाव रहा। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि कंपनियों ने महाकुंभ के दौरान अपनी बिक्री को बढ़ाने के लिए उस ओर भी खर्च को बढ़ाया, जिसका असर वित्तीय वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में देखने को मिलेगा साथ ही मांग में सुधार और शहरी क्षेत्रों में सुधार के संकेत की वजह से कंपनियों की परेशानी कम होने की संभावना है। मोतीलाला ओसवाल की रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2025 चौथी तिमाही में शहरी मांग में थोड़ा बहुत सुधार होने के संकेत है, तो दूसरी ओर केंद्रीय बजट 2025 में आयकर राहत तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती से शहरी मांग में सुधार होगा। जिसका असर कंपनियों की परिणामों दिखाई देगा। बावजूद इसके कंपनियों की मांग 10 तिमाही से कम बनी हुई है, हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में बिक्री में सुधार है, लेकिन शहरी क्षेत्रों में मांग सुस्त है।

### मुद्रास्फीति और कच्चे माल की बढ़ती लागत

आनंद राठी की रिपोर्ट के अनुसार कॉफी, चाय और कोको के साथ अन्य कमोडिटी की बढ़ती कीमतों की वजह से कंपनियों की लागत बढ़ रही है। पिछले कुछ महीनों में पॉम ऑयल के दाम और निर्यात भी चुनौती बना हुआ है। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार पिछले एक साल से कॉफी की कीमतें दोगुनी से अधिक है। गेहूं और पाम ऑयल की कीमतों में 20 से 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इन सभी वजहों से ब्रिटानिया तथा नेस्ले जैसी अधिकतर कंपनियों ने कई कैटेगरी में उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी भी की है, जिसकी वजह से मांग सुस्त बनी हुई है। एफएमसीजी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी हिन्दुस्तान लिवर और डाबर जैसी कंपनियों ने वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में अपनी बिक्री में गिरावट देखी है। बढ़ती लागत की वजह से कंपनियों ने विज्ञापन खर्च को कम किया वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में एफएमसीजी कंपनियों ने अपने विज्ञापन खर्च को कम कर दिया है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- टमाटर मूल रूप से पेरू देश से आए थे।
- साल 2013 में, एक यूके कंपनी ने टॉमटाटो का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर आमतौर पर ग्लासहाउस (ग्रीनहाउस) में उगाए जाते हैं।
- दुनिया भर में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।
- चीन टमाटर का सबसे बड़ा उत्पादक है, जो साल 2009 में दुनिया के उत्पादन के एक चौथाई हिस्से के लिए जिम्मेदार है। संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत क्रमशः दूसरे और तीसरे उच्चतम उत्पादक हैं।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की टमाटर पीले, गुलाबी, बैंगनी, काले और यहां तक कि सफेद भी हो सकते हैं।
- न्यू जर्सी के सालेम में 28 जून, 1820 को टमाटर को परीक्षण पर रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे। देखने वालों की भीड़ उसके मरने के लिए इंतजार कर रही थी। लेकिन वह मारा नहीं।

## राशिफल

**मेष:** यात्रा सफल रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त होने के योग हैं। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विरोध होगा।

**वृष:** कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। योजना फलीभूत होगी। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है।

**मिथुन:** पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी संत-महात्मा का आशीर्वाद मिल सकता है। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी।

**कर्क:** चोट व दुर्घटना से बचें। शारीरिक हानि हो सकती है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कारोबार ठीक चलेगा।

**सिंह:** विवाह के उम्मीदवारों को विवाह का प्रस्ताव मिल सकता है। घर-परिवार की चिंता रहेगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या:** भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुओं का पराभव होगा। संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। नए काम मिल सकते हैं।

**तुला:** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। परिवार के सदस्यों तथा मित्रों के साथ समय सुखद व्यतीत होगा।

**वृश्चिक:** बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के इस्तेमाल से बचें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**धनु:** मेहनत का फल पूरा-पूरा प्राप्त होगा। रिश्तेदारों तथा मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मकर:** माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। खर्च होगा। शरीर के ऊपरी हिस्से में कष्ट संभव है। अच्छी खबर प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा।

**कुंभ:** भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद दूर होकर सहयोग मिलेगा। यात्रा मनोनुकूल रहेगी।

**मीन:** अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में मुश्किल होगी। कानूनी अड़चन आ सकती है। लापरवाही न करें। वाणी पर नियंत्रण रखें।

## चुटकुले

किसी ने सच कहा है पति-पत्नी की सोच में जमीन-आसमान का अंतर होता
पति की 5 मिस्ड कॉल होने पर पत्नी सोचती है पता नहीं क्या हुआ होगा
पत्नी की 5 मिस्ड कॉल होने पर पति सोचता है पता नहीं आज मेरा क्या होगा

---

वकील- आपके पति कैसे मरे
पत्नी- जहर खाकर
वकील- फिर इनके शरीर पर चोट के निशान कैसे हैं
पत्नी- जहर खाने से मना कर रहे थे

---

पत्नियां भी अजीब होती हैं.... चाहती है उनका पति उन पर मरे
अगर पति उन पर मरता है तो कहती हैं कहीं और जाकर क्यों नहीं मरते
कहीं और जाकर मरते हैं.... तो कहती हैं कहां जाकर मर गए




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# ऑस्ट्रेलिया के इस स्पिनर ने माना, विराट कोहली पर दबाव बनाना असंभव, गेंदबाजों के लिए कही ये बात

**मुंबई।** विराट कोहली की शानदार पारी के बाद ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एश्टन एगर ने स्वीकार किया है कि बेहतरीन स्ट्रोक्स के कारण इस भारतीय बल्लेबाजी पर दबाव बनाना असंभव है। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में 84 रन की पारी खेली थी और भारत को जीत दिलाने में अहम योगदान निभाया था। एगर ने कहा कि जब कोहली लय में होते हैं तो गेंदबाजों के लिए बुरा सपना बन जाते हैं।



### एगर ने कोहली को सराहा

कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरण में पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत के दौरान नाबाद शतक जड़ा था और फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अर्धशतकीय पारी खेलकर भारत को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाया। एगर ने कहा, बात सिर्फ इतनी है कि जब कोहली लय में हैं तो आप उन पर दबाव नहीं बना सकते। इसलिए उन्हें आउट करना सच में काफी मुश्किल है। जब तक गेंद सही में स्पिन नहीं कर रही होती है तब तक आपको कभी ऐसा नहीं लगता कि आप उन पर हावी हैं। आपको वनडे क्रिकेट में ऐसी बहुत सी पिचें नहीं मिलती हैं।

इस ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने कोहली के जगह ढूंढकर शॉट लगाने और आसानी से एक और दो रन लेने की काबिलियत की भी प्रशंसा की और कहा कि एक गेंदबाज के लिए यह वास्तव में निराशाजनक है। उन्होंने कहा, उन्हें गेंदबाजी करने का सबसे हताशाजनक हिस्सा यही है। उसमें आपकी सर्वश्रेष्ठ गेंद को हिट करने की शानदार क्षमता है। उनके पास आपकी गेंद को मिडिल स्टंप के ऊपर भेजने की काबिलियत है, वह अन्य बल्लेबाजों की तुलना में बल्ले को थोड़ा अधिक समय तक ऊपर रखते हैं और कवर प्वाइंट में हिट करते हैं। वह ऐसा करने में शायद दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं और उन पर दबाव बनाना बहुत मुश्किल है।

### 'कोहली के दम पर जीता भारत'

एगर ने कहा कि भारतीय टीम ने कोहली की मदद से पारी आगे बढ़ाई और ऑस्ट्रेलिया पर जीत हासिल की। उन्होंने कहा, भारत ने विराट की बदौलत शानदार बल्लेबाजी की। अन्य बल्लेबाज क्रीज पर उतरे और उन्होंने रन गति को बढ़ाया और विराट को अपना काम करने दिया। अन्य बल्लेबाजों ने एकाध बाउंड्री लगाई और बस टिके रहे। मैंने एक आंकड़ा देखा कि विराट ने 2000 के बाद से सबसे अधिक एक रन बनाए हैं जो बेहतरीन है। उनकी यह पारी मास्टरक्लास थी और सभी बल्लेबाजों ने अच्छा योगदान दिया।

# डेविड मिलर ने सेमीफाइनल में हार के बाद आईसीसी पर साधा निशाना, शेड्यूल को लेकर भी दिया बयान

**नई दिल्ली।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दूसरे सेमीफाइनल मैच में साउथ अफ्रीका की टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ 50 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में हार के बाद अफ्रीकी टीम के बल्लेबाज डेविड मिलर ने काफी चौंकाने वाला बयान दिया है, जिसमें उन्होंने इशारों-इशारों में आईसीसी पर निशाना साधा है। दरअसल सेमीफाइनल मुकाबले से पहले अफ्रीका की टीम अपना आखिरी ग्रुप मैच कराची में खेलने के बाद सीधे दुबई के लिए रवाना हो गई जिसके बाद उसे फिर वहां से सेमीफाइनल मुकाबला खेलने के लिए लाहौर के लिए रवाना होना पड़ा। अब इसी को लेकर सेमीफाइनल मैच में हार मिलने के बाद डेविड मिलर ने बयान दिया है।




### हमें मैच के बाद लगातार सफर करना पड़ा

डेविड मिलर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में मिली हार के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिए अपने बयान में खराब शेड्यूल को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि हमारी फ्लाइट केवल एक घंटे 30 मिनट की थी, लेकिन हमें सफर करना पड़ा जो बिल्कुल भी सही नहीं था। हमारी एक सुबह फ्लाइट थी उसके बाद हमें मैच खत्म होने पर फिर सफर करना पड़ा जिसमें हम शाम 4 बजे दुबई पहुंचे। अगले दिन वहां से फिर सुबह 7:30 पर वहां से हम लाहौर के लिए रवाना हुए। ऐसा नहीं है कि हमने 5 घंटे की उड़ान भरी और हमारे पास इससे ठीक होने का समय नहीं था लेकिन ये बिल्कुल भी सही स्थिति नहीं है।

### फाइनल में मैं न्यूजीलैंड को सपोर्ट करूंगा

भारत और न्यूजीलैंड के बीच अब 9 मार्च को दुबई के मैदान पर फाइनल मुकाबला खेला जाएगा, जिसको लेकर भी डेविड मिलर ने बयान दिया जिसमें उन्होंने कहा कि वह कीवी टीम का सपोर्ट करेंगे। वहीं मिलर ने आगे कहा कि दोनों ही टीमें काफी शानदार हैं। भारत इस समय काफी शानदार खेल रहा है और उनकी टीम में कई मैच विनर्स खिलाड़ी मौजूद हैं।

# क्रिकेटर मुशफिकुर रहीम का वनडे से संन्यास

## वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बांग्लादेशी, सोशल मीडिया पर दी जानकारी

**ढाका।** बांग्लादेश के बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। मुशफिकुर ने बुधवार को अपने फेसबुक पेज पर इसकी घोषणा की है। उन्होंने यह जानकारी बांग्लादेश के चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के हफ्तेभर बाद शेयर की। मुशफिकुर का वनडे करियर 19 साल का है। वे बांग्लादेश के पूर्व कप्तान भी रह चुके है।




### हमेशा डेडिकेशन और ईमानदारी के साथ खेला- मुशफिकुर

मुशफिकुर ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं आज वनडे क्रिकेट से रिटायर हो रहा हूं। मैं मानता हूं कि इंटरनेशनल क्रिकेट में हमारी उपलब्धियां कम है। लेकिन जब भी देश के लिए खेला पुरे डेडिकेशन और ईमानदारी के साथ खेला। रहीम ने कहा, पिछले कुछ हफ्ते उनके लिए मुश्किलों से भरे रहे। जिस वजह से उन्होंने रिटायरमेंट का फैसला लिया है।

### बांग्लादेश के दूसरे वनडे रन स्कोरर है रहीम

मुशफिकुर रहीम बांग्लादेश के दूसरे सबसे ज्यादा वनडे रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 274 वनडे मैचों में 7795 रन बनाएं है। जिसमें 9 सेंचुरी और 49 हाफ सेंचुरी शामिल है। वहीं, वो 250 से ज्यादा वनडे खेलने वाले केवल 5 विकेटकीपरों में भी शामिल हैं। रहीम सूचि में चौथे स्थान पर आते है।

### 2022 वर्ल्ड कप के बाद लिया था टी-20 से संन्यास

मुशफिकुर रहीम ने 2022 के टी-20 वर्ल्ड कप के बाद सबसे छोटो फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने अभी तक 94 टेस्ट खेले हैं। अगर रहीम 100 टेस्ट खेलते है तो वो इस आकड़े तक पहुंचने वाले पहले बांग्लादेशी खिलाड़ी बन जाएंगे।

# गौतम गंभीर ने रोहित शर्मा की अटैकिंग अप्रोच को किया डिफेंड, लेकिन सुनील गावस्कर हैं इस सोच से खफा

## भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में है और हर किसी को उम्मीद होगी कि रोहित शर्मा एक बड़ी पारी खेलें।



**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से अनुरोध किया है कि पावरप्ले में उनको अल्ट्रा अटैकिंग अप्रोच से पीछे हटकर लंबे समय तक बल्लेबाजी करने के बारे में सोचना चाहिए। गावस्कर का ये कमेंट उस समय आया है, जब गौतम गंभीर ने रोहित शर्मा के इंटेंट को डिफेंड किया था और कहा था हम औसत या रन नहीं देखते, बल्कि इंटेंट देखते हैं। भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में है और हर किसी को उम्मीद होगी कि रोहित शर्मा एक बड़ी पारी खेलें।

गौतम गंभीर ने सेमीफाइनल के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि ड्रेसिंग रूम रोहित शर्मा को आंकड़ों के आधार पर नहीं, बल्कि टॉप पर अपनी धमाकेदार शुरूआत से पैदा होने वाले इम्पैक्ट के आधार पर आंकता है। हालांकि, इंडिया टुडे से बात करते हुए सुनील गावस्कर ने सुझाव दिया कि रोहित को अपने दृष्टिकोण पर पुनर्विचार करना चाहिए, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय कप्तान के पास अकेले ही मैच को प्रभावित करने की क्षमता है। वह वनडे में 20-25 ओवर तक बल्लेबाजी करते हैं तो अकेले मैच पलट सकते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के 4 मैचों में 104 रन 100 के आसपास के स्ट्राइक रेट से बनाने वाले रोहित शर्मा का हाईएस्ट स्कोर इस टूनार्मेंट में 41 रन है। एकमात्र मुकाबला फाइनल बाकी है। हालांकि, एक बात जरूर है कि वे जिस मैच में तेज शुरूआत देते हैं, उसका फायदा मिडिल ऑर्डर उठाता है। भारतीय टीम को रोहित शर्मा की अल्ट्रा अग्रेसिव अप्रोच का फायदा भी वर्ल्ड कप 2023 और टी20 वर्ल्ड कप 2024 में मिला। एक में भारत फाइनल हारा और एक टूनार्मेंट में भारत को जीत मिली। ये लगातार तीसरा टूनार्मेंट है, जहां वे अटैकिंग क्रिकेट खेल रहे हैं। बुधवार को सुनील गावस्कर ने कहा, पिछले दो सालों से वह इसी दृष्टिकोण को अपना रहे हैं। इसकी शुरूआत भारत में विश्व कप के दौरान हुई थी और वह इसी फॉर्मूले पर टिके हुए हैं। उन्हें कुछ सफलता मिली है, हालांकि शायद उतनी नहीं जितनी उनकी प्रतिभा को मिलनी चाहिए। वह एक अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, जिनके पास ऐसे शॉट हैं जो खेल में बहुत कम लोगों के पास हैं।

# मोहम्मद शमी के एनर्जी ड्रिंक पर मौलाना भड़के, बोले-वो मुजरिम

## बरेली में कहा- रोजा नहीं रखा, ऐसा हरगिज नहीं करना चाहिए था





**बरेली।** यूपी के बरेली के मौलाना शहाबुद्दीन रजवी टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी से नाराजगी जताई। उनका कहना है कि शमी ने रमजान में रोजा नहीं रखा, जो गुनाह है। शरीयत की नजर में वह मुजरिम हैं। इनको हरगिज ऐसा नहीं करना चाहिए था।

दरअसल, मंगलवार को शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के दौरान ग्राउंड पर एनर्जी ड्रिंक पीते नजर आए थे। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने गुरुवार को वीडियो जारी किया।

### शमी शरीयत के नियमों का पालन करें शहाबुद्दीन रजवी ने कहा-

शरीयत के नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। इस्लाम में रोजा रखना फर्ज है। अगर कोई व्यक्ति जानबूझकर रोजा नहीं रखता, तो वह इस्लामिक कानून के अनुसार गुनहगार माना जाता है। क्रिकेट खेलना बुरा नहीं है, लेकिन धार्मिक जिम्मेदारियों को भी निभाना चाहिए। मैं हिदायत देता हूं कि शमी शरीयत के नियमों का पालन करें और अपने धर्म के प्रति जिम्मेदार बनें।

शमी के भाई मुमताज ने बचाव में दिया बयान इसी बीच शमी के चचेरे भाई मुमताज ने उनके बचाव में बयान दिया है। उन्होंने कहा, शमी देश के लिए खेल रहे हैं। लोगों ने उनपर रोजा न रखने का आरोप लगाकर शर्मनाक हरकत की है।

भाजपा नेता मोहसिन रिजवी बोले- मुल्ला को बोलने का अधिकार नहीं मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी पर भाजपा नेता मोहसिन रजा ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा, 'यह इंसान और अल्लाह के बीच का मामला है और मुल्ला को बीच में बोलने का कोई अधिकार नहीं है। वह (मोहम्मद शमी) अपना राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने गए हैं और हमारा धर्म ऐसा करने की इजाजत देता है। मौलाना ने बयान देकर खुद पाप किया है। उन्हें पूरे देश से माफी मांगने की जरूरत है।'

अजय राय बोले- देश के लिए काम कर रहे शमी यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा, जो खिलाड़ी मैदान में कड़ी मेहनत कर रहा है, दौड़ लगा रहा है, वो देश के लिए काम कर रहा है। हम चाहे किसी भी धर्म या मजहब के हों, हम अपने समाज के लिए, राष्ट्र के लिए काम करते हैं। मैं समझता हूं कि मोहम्मद शमी देश के लिए काम कर रहे हैं और निश्चित रूप से पूरा देश उनके साथ खड़ा है, सभी की भावनाएं उनके साथ हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी-2025 में 9 विकेट ले चुके हैं शमी मोहम्मद शमी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के टॉप-2 विकेट टेकर हैं। वे 4 मैचों में 4.96 की इकोनॉमी से 8 विकेट ले चुके हैं। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 5 विकेट झटके थे।

# भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने प्राग मास्टर्स में हासिल की एकल बढ़त, अनीश गिरी को हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने प्राग मास्टर्स शतरंज टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सातवें दौर में काले मोहरे से खेलते हुए नीदरलैंड के अनीश गिरी को मात दी और एकल बढ़त हासिल करने में सफल रहे। अरविंद ने शुरू से लेकर आखिर तक अपनी लय बनाए रखी। अरविंद ने गिरी के खिलाफ 24वीं चाल में अपने घोड़े के दम पर बढ़त बनाई और आखिर में 39वीं चाल में जीत हासिल करके रिकॉर्ड बुक में अपना नाम लिखवाया।



### लाइव रेटिंग में 14वें स्थआन पर पहुंचे अरविंद

अरविंद इस जीत से लाइव रेटिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस तरह से लाइव रेटिंग में शीर्ष 15 में अब कम से कम पांच भारतीय शामिल हो गए हैं। विश्वनाथन आनंद 15वें नंबर पर हैं। अरविंद ने पहली बार शीर्ष 15 में प्रवेश किया।

भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञानंद ने टूनार्मेंट से पहले खिताब के दावेदार माने जा रहे चीन के वेई यी के साथ ड्रॉ खेला। अरविंद ने संभावित सात में से अपने अंकों की संख्या पांच कर ली है और अब वह प्रज्ञानंद से आधे अंक की बढ़त पर हैं। अब केवल दो दौर की बाजियां खेली जानी बाकी है। अमेरिका के सैम शैंकलैंड ने वियतनाम के क्वांग लीम ले को हरा दिया। दिलचस्प बात यह है कि क्वांग लीम और गिरी दोनों ने पहली छह बाजियां ड्रॉ खेली थी।

एक अन्य मुकाबले में तुर्किए के 16 वर्षीय गुरेल एडिज ने चेक गणराज्य के गुयेन थाई दाई वान को पराजित किया, जबकि चेक गणराज्य के ही डेविड नवारा ने जर्मनी के विंसेंट कीमर के साथ ड्रॉ खेला। अरविंद पांच अंक लेकर शीर्ष पर काबिज हैं, जबकि प्रज्ञानंद 4.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद वेई यी, एडिज, कीमर और शैंकलैंड का नंबर आता है जिनके 3.5 अंक हैं। गिरी, नवारा और लीम के तीन-तीन अंक हैं, जबकि दाई वान 2.5 अंक के साथ सबसे निचले स्थान पर हैं। चैलेंजर्स वर्ग में जोनास बुहल बजरे ने इस वर्ग में भाग ले रहीं एकमात्र भारतीय दिव्या देशमुख को हराकर उसकी मुसीबतें बढ़ा दी। भारतीय खिलाड़ी सात बाजियों में केवल 1.5 अंक हासिल कर पाई है और वह सबसे अंतिम स्थान पर है। इस वर्ग में उज्बेकिस्तान के बजरे और नोदिरबेक याकुबोएव 5.5 अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं।

# मोहम्मद शमी ने आईसीसी से की खास अपील

## लार के नियम पर दोबारा विचार करने का आग्रह किया

**मुंबई।** भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आईसीसी से गेंद पर लार का इस्तेमाल करने की मंजूरी देने का आग्रह किया है। कोविड-19 के दौरान आईसीसी ने गेंद पर लार के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। इससे तेज गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग कराने में मदद मिलती है, लेकिन अब गेंदबाज इसका इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। गेंद पर लार का इस्तेमाल नहीं करने से गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग कराने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।



### दो नई गेंद नियम के आने से बिगड़ी स्थिति

वनडे क्रिकेट में दो नई गेंद का नियम आने से स्थिति और बिगड़ गई है। शमी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई गेंदबाजों ने आईसीसी से लार पर प्रतिबंध पर दोबारा विचार करने का आग्रह किया है। इन गेंदबाजों का तर्क है कि इससे मुकाबले के दौरान बल्लेबाज और गेंदबाजों के बीच सही संतुलन बना रहेगा।

शमी ने कहा, हम रिवर्स स्विंग करने का प्रयास करते हैं, लेकिन आप गेंद पर लार का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। हम लगातार लार का इस्तेमाल करने की मंजूरी मांग रहे हैं और रिवर्स स्विंग होने से खेल दिलचस्प हो जाएगा। मैं लय वापस हासिल करने की कोशिश कर रहा हूं और टीम के लिए अतिरिक्त योगदान देना चाहता हूं। दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाज टीम में नहीं है और मेरे ऊपर ज्यादा जिम्मेदारी है। जब आप अकेले मुख्य तेज गेंदबाज हैं और दूसरा ऑलराउंडर है तो तो कार्यभार रहता है। आपको विकेट लेकर मोर्चे से अगुआई करनी होती है। मुझे इसकी आदत हो गई है और मैं अपना शत प्रतिशत से अधिक देने की कोशिश कर रहा हूं।

# न्यूजीलैंड तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में

## साउथ अफ्रीका को 50 रन से हराया, दुबई में 9 मार्च को भारत से मुकाबला





**लाहौर।** न्यूजीलैंड ने दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को 50 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह भी बना ली। टीम ने इससे पहले 2000 और 2009 में फाइनल खेला था। टीम अब दूसरी बार खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में बुधवार को न्यूजीलैंड ने बैटिंग चुनी। टीम ने 6 विकेट खोकर 362 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका 9 विकेट खोकर 312 रन ही बना सका। डेविड मिलर ने शतक लगाया।

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड टीम से ओपनर रचिन रवींद्र ने शतक लगाया। उन्होंने 108 रन की पारी खेली और केन विलियमसन के साथ दूसरे विकेट के लिए 164 रन की पार्टनरशिप भी की। फिर गेंदबाजी में महज 20 रन देकर ऐडन मार्करम का बड़ा विकेट लिया।

साउथ अफ्रीका के डेविड मिलर अकेले ही फाइट करते हुए नजर आए। उन्होंने 67 गेंद पर 100 रन की पारी खेली, लेकिन उन्हें दूसरे एंड पर किसी का साथ नहीं मिला। टीम से रासी वान डर डसन और टेम्बा बावुमा ने भी फिफ्टी लगाई, लेकिन कोई भी आखिर तक टिक नहीं सका।

न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी, लेकिन पावरप्ले में ही टीम ने पहला विकेट गंवा दिया। रचिन रवींद्र ने यहां केन विलियमसन के साथ पारी संभाली और टीम को 200 के पार पहुंचाया। रचिन 108 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद विलियमसन ने 102 रन बनाए। दूसरी पारी में फिर साउथ अफ्रीका ने 125 रन तक 1 ही विकेट गंवाया था। यहां कप्तान टेम्बा बावुमा फिफ्टी लगाकर आउट हो गए। उनके बाद रासी वान डर डसन भी 69 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। दोनों को मिचेल सैंटनर ने पवेलियन भेजा। साउथ अफ्रीका की बैटिंग में यह बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हुआ।

न्यूजीलैंड का सेमीफाइनल लाहौर में साउथ अफ्रीका से हुआ। टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग की। रचिन रवींद्र और केन विलियमसन के शतक के दम पर टीम ने 6 विकेट खोकर 362 रन बना दिए। आखिर में ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिचेल ने 49-49 रन की पारियां खेलीं। बड़े टारगेट के सामने साउथ अफ्रीका ने संभलकर शुरूआत की। कप्तान टेम्बा बावुमा और रासी वान डर डसन ने फिफ्टी लगाई। दोनों के आउट होते ही टीम बिखर गई।

### मैच की जीत के हीरो

**डेरिल मिचेल:** डेथ ओवर्स में मिचेल ने 37 गेंद पर 49 रन की पारी खेली। उन्होंने टीम का स्कोर 300 के पार पहुंचाया।

**ग्लेन फिलिप्स:** फिलिप्स ने महज 27 गेंद पर 49 रन बनाए और टीम को 360 के पार पहुंचा दिया। उन्होंने फिर गेंदबाजी में 27 रन देकर 2 विकेट भी लिए।

**मिचेल सैंटनर:** न्यूजीलैंड के कप्तान सैंटनर ने 3 बड़े विकेट लिए। उन्होंने टेम्बा बावुमा, रासी वान डर डसन और हेनरिक क्लासन को पवेलियन भेजा। इन्हीं विकेट ने मैच पलटा।

**केन विलियमसन:** पहले पावरप्ले में विकेट गिरने के बाद विलियमसन ने सेंचुरी लगाई। उन्होंने रचिन के साथ पार्टनरशिप कर टीम को 250 के पार पहुंचाया।




## मार्च में फिर जांएगे 2015 बैंच वाले

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ी संख्या में टू-स्टार मौजूद हैं। तो वहीं कमिश्नरेट वाले सूत्रों के बीच से जानकारी मिली है कि मार्च के महीने में फिर 2015 बैच वाले कई टू-स्टार अलग-अलग जिले और कमिश्नरेट में रवाना किए जाएंगे। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि बीते दिनों इस बैच के छह टू-स्टार भेजे गए, तो वहीं कई और इसी माह भेजे जाने वाले हैं। सूत्र बता रहे हैं कि थाने पर जमे टू-स्टार अभी लंबी पारी खेल सकते हैं। सुनने में आ रहा है कि नदिया पार में इस बैच के जो टू-स्टार हैं, वह लंबा चार्ज चलाएंगे। सुनने में आया है कि उनके जोन और सर्किल वाले साहब उनकी वर्किंग से संतुष्ट हैं और यही वजह है कि उनपर कृपा लंबी बनी रह सकती है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि होली के रंग के बाद एक बार फिर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चौकी प्रभारियों वाली लिस्ट को लेकर मंथन शुरू होगा और उनको आउट किया जाएगा। सुनने में आ रहा है कि कई चौकी प्रभारी ऐसे हैं। जिनकी उनके इलाके वाले एसीपी ने रिपोर्ट बना ली है और



अब उनको साइड लाइन किया जा सकता है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों वह थ्री-स्टार परेशान चल रहे है, जो या तो लाइन में है या वह साइड लाइन है। वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट में 10 से अधिक थाने ऐसे हैं जहां टू-स्टार कुर्सी पर विराजमान हैं। उनके कुर्सी पर विराजमान होने की वजह से उस थाने के अन्य काम टू-स्टार ही देख रहे हैं। तो वहीं एक थाने में तो थ्री-स्टार से सीनियर थ्री-स्टार भी मौजूद है। हालांकि पुलिस के अधिकारी कह रहे हैं कि ऐसा कई बार हो जाता है, पर लाइन और साइड लाइन चल रहे थ्री-स्टार अभी इस स्थिति को देख रहे हैं कि उनका नंबर कब आता है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि कई थ्री-स्टार तो ऐसे हैं, जो अपनी यहां शानदार पारी खेल चुके हैं, पर आजकल वह लाइन और साइड लाइन का शिकार चल रहे हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि 15 मार्च के बाद फिर 2015 बैच वाले दर्जनभर से अधिक टू-स्टार यहां से बाहर भेजे जाएंगे। उनकी डेट लगभग तय मानी जा रही है और फिर 31 मार्च तक भी यही सीन दोहराया जाने वाला है। कुल मिलाकर कहा जाए तो मार्च के महीने में अभी 2015 बैच वाले टू-स्टार जल्द ही बाहर भेजे जाएंगे।

## न्यूज डायरी

### आठ दिन बाद मोबाइल लूट की रिपोर्ट दर्ज

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर कस्बा पुलिस चैकी के पास बदमाशों ने महिला से मोबाइल लूट लिया। लूटा का विरोध करने पर महिला को धक्का देकर बदमाश फरार हो गए। पुलिस के अधिकारियों के हस्तक्षेप आठ दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की गई है। तिबड़ा मार्ग कॉलोनी निवासी वंदना अग्रवाल गत 26 फरवरी को किसी काम से दिल्ली मेरठ मार्ग पर गई थी। जब वह कस्बा पुलिस चैकी के पास पहुंची तो अचानक उनका मोबाइल बज उठा और वह बात करने लगी। इसी बीच बाइक सवार बदमाश आये महिला के साथ से मोबाइल लूट लिया। विरोध करने पर महिला को धक्का देकर फरार हो गए। महिला ने इसकी शिकायत पुलिस से की, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसके बाद महिला ने उच्चाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई। इसके बाद मोदीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

### भट्टा मालिक को मिली धमकी, दो नामजद

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक भट्टा मालिक ने गांव काजमपुर के दो युवकों पर गाली गलौच करते हुये जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं। विजयमंडी मुरादनगर निवासी अरूण सिंघल का यहाँ काजमपुर मे ईंट भट्टा हैं, जब अरूण सिंघल भट्ट पर किसी कार्य से आये थे, तभी गांव के ही रजनीश चैधरी व उसका भाई नितिन चैधरी आये ओर व्यापारी अरूण सिंघल के साथ गाली गलौच व मारपीट करने लगे। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गये। पुलिस नामजद आरोपियों की तलाश में जुट गयी हैं।

### टाईल्स व पत्थर लेकर हड़पे 62 हजार रुपए, रिपोर्ट दर्ज

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** टाईल्स व पत्थर लेकर 62 हजार रुपए हड़पने का मामल सामने आया है। पैसे मांगने पर पीड़ित को परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर मोदी बाग के पास गौरव तोमर की दुर्गा मार्बल्स के नाम से दुकान है। गौरव तोमर द्वारा थाने में दी गई तहरीर के अनुसार गत मई 2022 में मेरे पास मनोज ठेकेदार का फोन आया। उसने




कहा कि मेरा काम चल रहा और आपकी दुकान से टाईल्स व पत्थर लेना है। सामान लेने के बाद जब भी आप बिल भेजेगें, उसके दो दिन के अंदर भुगतान कर दिया जाएगा। आरोप है कि 62 हजार आठ सौ रुपए का भुगतान नहीं दिया गया। पैसे मांगने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मनोज ठेकेदार निवासी सराफा बाजार मुरादनगर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर महिला झुलसी

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक महिला हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गई। महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगर की कृष्णाकुंज कॉलोनी निवासी राजेन्द्र कुमार अपनी पत्नी सरोज के साथ रहते है। उनके घर के पास से ग्यारह हजार की हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। आरोप है कि हाईटेंशन की लाइन की चपेट में आकर महिला झुलस गई। परिजनों ने महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जंहा उसकी हालत गंभीर बनी इहै।

### संयुक्त शिक्षा निदेशक ने किया परीक्षा सेंटर का निरीक्षण

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** डॉ0 केएन0 मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में चल रही यूपी बोर्ड परीक्षा का गुरूवार को संयुक्त षिक्षा निदेषक ने औचक निरीक्षण करते हुये संतोश



जाहिर किया। मेरठ मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक ओमकार ह्लुक्ला ने गुरूवार को डॉ0 केएन मोदी सांइस एण्ड कॉमर्स कॉलिज के परीक्षा सेंटर का अपनी टीम के साथ पंहुचकर औचक निरीक्षण किया। टीम में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 धर्मेंद्र शर्मा, नंदग्राम के राजकीय इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य जय सिंह यादव व त्यौड़ी राजकीय इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य विकास कुमार शामिल थे। सभी अधिकारी पीईएस कैडर से हैं। केंद्र व्यवस्थापक डॉ0 सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि 19 कमरों में परीक्षा चल रही है। हर कमरे में वॉइस रिकॉर्डर के साथ दो कैमरे लगे हैं। परीक्षा की लाइव मॉनिटरिंग गाजियाबाद स्थित जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, शिक्षा निदेशक लखनऊ व बोर्ड मुख्यालय प्रयागराज से की जा रही है। यूपी बोर्ड की परीक्षा 24 फरवरी से 12 मार्च तक चलेगी। 5 मार्च की सुबह की पाली में इंटर की उर्दू परीक्षा में एकमात्र पंजीकृत छात्र अनुपस्थित रहा। दूसरी पाली में इतिहास विषय की परीक्षा में 48 में से 47 परीक्षार्थी उपस्थित थे। परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट मोहित शांत, सेक्टर मजिस्ट्रेट अभिमन्यु प्रताप सिंह, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक कमल सिंह व पांच सशस्त्र पुलिसकर्मी तैनात हैं। निरीक्षण के दौरान टीम ने कमरों की रोशनी व्यवस्था सहित सभी इंतजामों की सराहना करते हुये संतोश जाहिर किया।

## कालिंदी और जतिन की रिंग सेरेमनी धूमधाम से संपन्न



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कालिंदी और जतिन की रिंग सेरेमनी धूमधाम से संपन्न हुई। इस अवसर पर परिवार के लोगों में चौधरी राजवीर सिंह भाटी, मनोज भाटी,उमेश भाटी,पुष्पेंद्र भाटी प्रधान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर आशीर्वाद दिया।

## नोएडा में कंपनी का पदार्फाश 200 से ठगी, 13 गिरफ्तार

### डिस्ट्रीब्यूटर दिलाने के नाम 3 से 4 लाख का लेते थे, एचआर मैनेजर से लेकर वेब डेवलपर तक शामिल



**नोएडा करंट क्राइम।** स्टार्टअप कंपनियों के उत्पादों को विभिन्न राज्यों में डिस्टीब्यूटी उपलब्ध कराने के नाम पर ठगी करने वाले 13 लोगों को थाना सेक्टर-63 पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसमें 10 पुरुष और तीन महिलाएं शामिल है। ये लोग ठगी के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब पर अपना प्रचार करते थे। इनके पास से भारी मात्रा में आईटी का सामान बरामद किया है। अब ये 200 से ज्यादा लोगों से ठगी कर चुके है।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि जी-65 जी ब्लॉक सेक्टर-63 में DISTRIBUTER CHANNEL BHARAT का DISTRIBUTER नाम की एक कंपनी खोली थी। हाल ही में जम्मू निवासी ने 4,86,000 रुपए की धोखाधड़ी के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया था। इस शिकायत के आधार पर जांच की गई। मौके पर साइबर टीम और पुलिस ने रेड की। वहां मौके पर लोग काम कर रहे थे। लैपटॉप और डेस्कटॉप जांच करने पर ठगी के अहम दस्तावेज मिले। जिसमें साफ था कि उत्पादों का विभिन्न राज्यों में प्रचार करेंगे। और डिस्ट्रीब्यूटर उपलब्ध कराएंगे। लेकिन ये सब फर्जी निकला।

## नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी पर लापरवाही का लगाया आरोप

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** नगर पंचायत के अधिषासी अधिकारी पर विकास कार्य न करायें जाने व लापरवाही का आरोप लगाते हुये ग्रामीणों ने जमकर प्रदर्षन किया और चेतावनी दी कि यदि निर्माण कार्य जल्द नही कराया गया तो भाकियू किसान सभा के बैनर तले क्षेत्र के किसान, मजदूर व सभासदगण सयुक्त रूप से नगर पंचायत कार्यालय निवाड़ी पर धरना प्रदर्शन करेंगे।



नगर पंचायत निवाड़ी में होली चैक से हनुमान चैक तक सड़क जर्जर होने के कारण आवागमन में हो रही परेशानी से क्षुब्ध ग्रामीणो ने गुरूवार को सडक निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

आरोप है कि कई बार पंचायत के चेयरमैन व अधिकारियों से ग्रामीणों ने इस सडक की सुध लेने की गुहार लगाई, लेकिन कोई कार्रवाही नही की गई। गुरूवार को भाकियू किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतेंद्र त्यागी के नेतृत्व में जर्जर सडक वाले स्थान पर एकत्र होकर प्रदर्शन किया। साथ ही उन्होने पालिका के ईओं पर कार्यालय में ना बैठने पर नाराजगी जताई। जिस कारण क्षेत्र का विकास नही हो रहा है, ना ही लोगो के समय पर प्रमाण पत्र बन पा रहे हैं, ओर ना ही टेंडर प्रकिया होने के बावजूद कार्य समय पर नही हो पा रहें हैं।

उनका कहना है कि यह सडक मोदीनगर आवागमन के लिये बाईपास का काम करती हैं। सडक ना बनने के कारण ग्रामीणों के बीच रोष पनप रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सडक निर्माण कार्य जल्द नही कराया गया तो भाकियू किसान सभा के बैनर तले क्षेत्र के किसान, मजदूर व सभासदगण मिलकर नगर पंचायत कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगें।

## सार्वजनिक स्थानों पर तीन घंटे के अभियान में 647 गिरफ्तार

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने की बढ़ती शिकायतों के बाद एक बड़ी कार्रवाई की। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन - शहर, देहात और ट्रांस हिंडन में एक साथ विशेष अभियान चलाया गया। तीन घंटे के इस अभियान में पुलिस ने सड़क किनारे और शराब की दुकानों के आसपास शराब पीते हुए कुल 647 लोगों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों को थाने लाया गया। मेडिकल जांच के बाद सभी का पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। शहर जोन में सबसे ज्यादा 248 लोगों को पकड़ा गया। डीसीपी राजेश कुमार के अनुसार, कोतवाली नगर से 56, विजयनगर से 57, सिहानी गेट से 22, नंदग्राम से 38, कवि नगर



से 41 और मधुबन बापूधाम से 34 लोगों को गिरफ्तार किया गया। ट्रांस हिंडन जोन में 141 लोगों को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी निमिष पाटिल ने बताया कि इंदिरापुरम से 19, कौशांबी से 22, खोड़ा से 21, साहिबाबाद से 20, लिंक रोड से 23, शालीमार गार्डन से 16 और टीला मोड़ से 20 लोगों को पकड़ा गया। गाजियाबाद पुलिस पिछले दो महीने से इस तरह का अभियान चला रही है। इस विशेष अभियान में सभी एसीपी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी शामिल रहे।

## नोएडा में किसानों का प्रदर्शन अस्पतालों और स्कूलों में की आरक्षण की मांग

### प्राधिकरण ने 21 दिन में समाधान का दिया आश्वासन



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा में करप्शन फ्री इंडिया संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने विप्रो गोल चक्कर से प्राधिकरण मुख्य द्वार तक पैदल मार्च निकाला। संगठन ने प्राइवेट अस्पतालों और स्कूलों में स्थानीय किसानों के अधिकारों की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय और मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि प्राधिकरण ने शहर में अस्पतालों, स्कूलों और औद्योगिक इकाइयों को सस्ते दरों पर भूखंड आवंटित किए थे। इसके बदले में किसानों के बच्चों को शिक्षा में 25% छूट मिलनी थी। अस्पतालों में किसानों के लिए सुबह-शाम 2-2 घंटे मुफ्त ओपीडी और 10% गरीबों का निःशुल्क इलाज होना था। साथ ही औद्योगिक इकाइयों में 40% स्थानीय युवाओं को नौकरी मिलनी थी। लीज डीड में यह सभी शर्तें होने के बावजूद स्थानीय किसानों को उनके अधिकार नहीं मिल रहे हैं। विभिन्न गांवों के किसानों ने गुरुवार को संगठन के बैनर तले प्रदर्शन कर इन नियमों को तुरंत लागू करने की मांग की। प्राधिकरण के ओएसडी नवीन कुमार और एसडीएम जितेंद्र गौतम ने 21 दिन में सभी शर्तें लागू करने का आश्वासन दिया है। चौधरी प्रवीण भारतीय ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## एनसीआर में 30किमी की स्पीड से सर्द हवाएं चल रहीं

### गाजियाबाद और आसपास के जिलों में अगले 2 दिन ऐसे ही मौसम रहेगा।

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में रात में तेज हवाएं चलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। शुक्रवार को 30 किमी की गति से सर्द हवाएं चलने के साथ धूल भरी हवाएं रहेंगी। जिससे मौसम बदला हुआ रहेगा। रात में मौसम सर्द रहा। गाजियाबाद व आसपास के जिलों में तेज हवाएं बुधवार को भी चली। इन हवाओं से सरसों व गेहूं की फसलें प्रभावित होंगी।

### दिल्ली और पूरे एनसीआर में तेज हवाएं

देश की राजधानी दिल्ली में अगले 2 दिनों तक 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज व सर्द हवाएं चलने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार सुबह के दौरान हवाएं उत्तर-पश्चिम दिशा से



12 से 14 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी, जो दोपहर तक 25 से 30 किमी प्रति घंटे हो जाएंगी। ठउफमें अधिकतम तापमान के 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। दिल्ली व एनसीआर में एक्यूआई में बारिश के बाद हवा साफ हुई है। जहां एक्यूआई में कमी आई है, बारिश से हवा की गुणवत्ता साफ हुई। अब एक्यूआई फिर 200 के करीब पहुंच गया, लेकिन तेज हवाओं से एनसीआर में एनसीआर में एक्यूआई ग्रीन जोन में पहुंच गया।

### मार्च में भी बदल रहा मौसम

गुरुवार को दिन में तेज धूप खिली रही। हवा भी सामान्य से 5 गुना तेज रही। आज 7 मार्च को भी मौसम विभाग ने मौसम साफ बताया। रात में हवा की गति 14 किलोमीटर प्रति घंटा की है। एनसीआर व आसपास के जिलों में तेज हवाओं के साथ धूल के कण भी हवा में रहेंगे। पूरे माह मौसम बदलता रहा है। फरवरी माह में तीन बार मौसम बदला है। 4 फरवरी को हल्की बारिश हुई, 20 फरवरी को तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई। 28 फरवरी की रात भी बारिश हुई।

## किन्नर गुरु बनने के लिए कटवाया प्राइवेट पार्ट,किए 5000 रूपए खर्च

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना वेव सिटी क्षेत्र में एक व्यक्ति ने किन्नर गुरु बनने के लिए खुद अपना प्राइवेट पार्ट कटवाने की साजिश रची। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एसीपी वेव सिटी उपासना पांडे के अनुसार, 28 मार्च की रात बहमेटा गांव में 50 वर्षीय व्यक्ति का प्राइवेट पार्ट काटा गया। जांच में पता चला कि पीड़ित ने खुद 5000 रुपए देकर यह कराया। पुलिस ने बंगाल की रहने वाली तानिया खान, मोहिनी और ब्रह्म सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि इलाके में किन्नरों के दो गुट हैं। एक गुट पारो नाम के किन्नर का है, जिसके पास काफी संपत्ति है। पीड़ित ने दूसरे गुट के साथ मिलकर एक साजिश रची। उसकी योजना थी कि प्राइवेट पार्ट कटवाने के बाद पारो को फंसाया जाए। पारो के जेल जाने के बाद वह इलाके का सर्वेसर्वा बन जाता। पीड़ित पहले से किन्नरों के साथ नाच-गाना और ढोलक बजाने का काम करता था। उसने घटना से पहले ही घर में पानी गरम करके रखा था। पुलिस जांच में यह भी पता चला कि पीड़ित त्क्ष्व पॉजिटिव है। पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



## हापुड़ में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बनाया हर्बल गुलाल, सीडीओ ने की पहल

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में इस वर्ष होली के त्योहार को प्राकृतिक रंगों से मनाने की पहल की गई है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने हर्बल गुलाल तैयार किया है। मुख्य विकास अधिकारी ने इस पहल की सराहना करते हुए स्वयं भी महिलाओं से हर्बल गुलाल खरीदा। उन्होंने बताया कि यह गुलाल पूर्णतः ऑर्गेनिक है और इसमें किसी प्रकार के केमिकल का प्रयोग नहीं किया गया है।



स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि जनपद की सभी तहसीलों और ब्लॉक स्तर पर स्टॉल लगवाए जाएं। इससे महिलाओं द्वारा बनाए गए प्राकृतिक रंगों की बिक्री को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल शासन की उस मंशा के अनुरूप है जिसमें होली के त्योहार को प्राकृतिक रंगों से मनाने पर जोर दिया गया है। इससे न केवल पर्यावरण की रक्षा होगी, बल्कि स्थानीय महिलाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

## शराब दुकानों का ई-लॉटरी से आवंटन 252 दुकानों के लिए 3002 आवेदन

### प्रमुख सचिव की मौजूदगी में प्रक्रिया पूरी

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** शराब दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया संपन्न हुई। नोडल अधिकारी के रविन्द्र नायक, जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा और पुलिस अधीक्षक ज्ञानंजय सिंह की उपस्थिति में ई-लॉटरी के माध्यम से दुकानों का आवंटन किया गया। कुल 252 दुकानों के लिए 3002 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें कंपोजिट की 104 दुकानों के लिए 1515 आवेदन, देशी शराब की 141 दुकानों के लिए 1402 आवेदन और 7 मॉडल शॉप के लिए 85 आवेदन शामिल थे। चयनित दुकानदारों के नाम माइक से घोषित किए गए। सभी सफल आवंटियों की सूची जिले की आधिकारिक वेबसाइट hapur.nic.in पर अपलोड कर दी




गई है। साथ ही कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगा दी गई है। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक और आबकारी विभाग के निरीक्षक भी मौजूद रहे। देशी मदिरा की शेष 2 दुकानों का आवंटन द्वितीय चरण में किया जाएगा। इसकी जानकारी विभाग के नोटिस बोर्ड से प्राप्त की जा सकती है।

# अमेरिकी वित्त विभाग में सेंध लगाने पर कार्रवाई

## चीनी हैकरों और अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा शुरू

**न्यूयॉर्क ।** अ न्याय विभाग ने कहा कि आरोपियों ने अमेरिका में एशियाई देशों के विदेश मंत्रालय, धार्मिक संगठनों और अमेरिकी संघीय और राज्य सरकार की एजेंसियों को निशाना बनाया था।

न्यूयॉर्क में न्याय विभाग ने एनक्सुन इन्फोरमेशन टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड (आई-सून) के आठ कर्मचारियों और लोक सुरक्षा मंत्रालय के दो अधिकारियों पर 2016 से 2023 तक ईमेल, सेल फोन, सर्वर और वेबसाइट हैक करने का आरोप लगाया। कार्यवाहक अमेरिकी अटॉर्नी मैथ्यू पोडोलस्की ने कहा कि सभी 10 आरोपी धार्मिक संगठनों, पत्रकारों और सरकारी एजेंसियों को निशाना बनाने के लिए हैकिंग का सहारा ले रहे थे। इसमें दो आरोपी पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) से जुड़े हैं। वे



पीआरसी के लिए संवेदनशील जानकारी जुटा रहे थे। इसके अलावा कुछ निजी हैकरों को चीन के सार्वजनिक सुरक्षा और राज्य सुरक्षा मंत्रालय ने डाटा हैक करने के लिए भुगतान भी किया था।

मुकदमे में कहा गया कि हैकर्स ने पीड़ितों को सट्टेबाजी के जरिये निशाना बनाया। पहले आरोपियों ने कमजोर नेटवर्क वाले कंप्यूटर की पहचान की। इसके बाद हैक की गई जानकारी को चीनी सरकार को बेच दिया। बताया जाता है कि कंपनी ने हर ईमेल इन बॉक्स को हैक करने के लिए मंत्रालय से 10 हजार से 75 हजार अमेरिकी डॉलर

**अमेरिका के वित्त विभाग में सेंध लगाने वाले चीनी हैकरों और दो अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। अमेरिकी न्याय विभाग ने लोक सुरक्षा मंत्रालय के दो अधिकारी समेत 12 चीनी नागरिकों पर हैकिंग के लिए मुकदमा शुरू किया है।**

तक वसूल किए थे। 10 आरोपी फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी की सूचना देने वाले को 10 मिलियन डॉलर तक का इनाम देने की विदेश विभाग ने घोषणा की है। बताया जाता है कि हैकरों ने एक मिशनरी संगठन, चीन में मानवाधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने वाले एक समूह, हांगकांग के समाचार पत्र और ताइवान, भारत, दक्षिण कोरिया और इंडोनेशिया के विदेश मंत्रालय को निशाना बनाया था।

### सिल्क टाइफून के खिलाफ भी मुकदमा शुरू

उधर, वॉशिंगटन में यिन केचेंग और झोउ शुआई के खिलाफ एक अलग मुकदमा शुरू किया गया। दोनों आरोपी एपीटी 27 से जुड़े सिल्क टाइफून के कथित सदस्य हैं। न्याय विभाग ने कहा।

# यूक्रेन को सैन्य खुफिया सूचना प्रदान कर रहा फ्रांस

**पेरिस ।** फ्रांसीसी रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने गुरुवार को कहा कि फ्रांस यूक्रेन को सैन्य खुफिया जानकारी प्रदान कर रहा है। लेकोर्नू का यह बयान तब आया है, जब अमेरिका ने कीव के साथ जानकारी साझा करने पर रोक लगा दी है।

**अमेरिका ने खुफिया जानकारी साझा करने पर लगाई रोक :** अमेरिका ने बुधवार को कहा कि उसने यूक्रेन के साथ अपनी खुफिया जानकारी साझा करने पर रोक लगा दी है। इससे महत्वपूर्ण जानकारी का प्रवाह बंद हो गया है। अमेरिकी खुफिया जानकारी यूक्रेन को रूसी सुरक्षा बलों को निशाना बनाने में मदद कर रही थी। लेकिन ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि वॉशिंगटन और कीव के बीच सकारात्मक बातचीत का मतलब यह हो सकता है कि यह रोक थोड़े समय के लिए है।

### 'यूक्रेन के साथ जानकारी साझा कर रहा फ्रांस'

रूसी सैनिकों की गतिविधियों



की निगरानी करने और उन्हें निशाना बनाने के लिए अमेरिकी खुफिया जानकारी यूक्रेन के लिए महत्वपूर्ण है। लेकोर्नू ने आज 'फ्रांस इंटर' रेडियो से बातचीत में कहा कि उनका देश अपनी खुफिया जानकारी यूक्रेन के साथ साझा कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारी खुफिया जानकारी पूरी तरह से स्वतंत्र है। हमारे पास ऐसी जानकारी है, जिसे हम यूक्रेन के लाभ के लिए प्रदान करते हैं।

**राष्ट्रपति मैक्रों ने तेजी से मदद भेजने को कहा:** लेकोर्नू ने यह भी बताया कि अमेरिका के फैसले के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने उन्हें विभिन्न प्रकार सहायता को तेजी से भेजने को कहा, ताकि अमेरिकी मदद की कमी को पूरा किया जा सके। लेकोर्नू ने यह भी कहा कि अमेरिका के फैसले के बाद पोलैंड से यूक्रेन को भेजी जाने वाली सहायता रोक दी गई है। हालांकि, यूक्रेन के लोगों को तीन साल के युद्ध का अनुभव है और वह मदद का भंडारण कैसे करना है, इस चीज को जानते हैं।

# अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंची जापान में जन्म दर, 2023 के मुकाबले 2024 में 5 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली ।** जापान में जन्म दर भविष्य के लिए एक विकराल समस्या के रूप में उभर रही है। पिछले साल जापान में जन्म लेने वाले बच्चों की संख्या में लगातार नौवें साल गिरावट आई है। यह गिरावट अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है।

2024 में जापान में 7,20,998 बच्चे पैदा हुए जो पिछले साल यानी 2023 के मुकाबले पांच फीसदी कम है। यह जानकारी जापान के स्वास्थ्य और कल्याण मंत्रालय ने दी है। मंत्रालय के अनुसार जापान ने 1899 से इस तरह के आंकड़े एकत्र करना शुरू किए थे और तब से लेकर अब तक 2024 में जन्मे नवजात बच्चों की यह सबसे कम संख्या है। यानी लगभग पिछले 126 वर्षों के बाद जापान की यह सबसे धीमी जनसंख्या दर है।



जनसंख्या की लगातार गिरती दर ने जापान के जनसंख्याविदों और नीति निमार्ता को गहरी चिंता में डाल दिया है।

इससे पहले तोहोकू विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर हिरोशी योशिदा ने अनुमान जारी किया था कि जनवरी 2720 तक देश में 14 वर्ष या उससे कम आयु का केवल एक ही बच्चा होगा।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने किया विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में सुंदरदीप कॉलेज ऑफ लॉ द्वारा गाँव दुहरी जिला-हापुड़ में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सुंदरदीप कॉलेज ऑफ लॉ की संकायाध्यक्ष डॉ. उर्मिला जाटव और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। शिविर में गाँव दुहरी के गणमान्य व्यक्ति लेखराज सिंह तोमर, अरुण कुमार, [सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक दिल्ली पुलिस] राम अवतार सिंह (रिटायर्ड मेजर सेना पुलिस), जगत सिंह तोमर(रिटायर्ड हेडमास्टर), प्रेम पाल सिंह (सदस्य किसान संघ हापुड़) द्वारा विचार व्यक्त किये गए।

शिविर के समापन पर सुंदरदीप कॉलेज ऑफ लॉ की संकायाध्यक्ष डॉ. उर्मिला जाटव ने कहा कि सुंदरदीप कॉलेज ऑफ लॉ ग्रामीणों को कानूनी मामलों में सहायता प्रदान करने के लिए हमेशा उपलब्ध रहेगा।

इस अवसर पर सुन्दर दीप ग्रुप के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल एवं कुलपति (प्रो.) डॉ. प्रसनजीत कुमार ने इस विधिक साक्षरता शिविर के आयोजन को सराहनीय बताया। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षकगण असिस्टेंट प्रोफेसर शिप्रा, आकाश सैनी, सागर सक्सेना, नवम मेहरोत्रा, देवेश रावत और विधि संकाय के छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस शिविर में ग्राम पंचायत, के अधिकारीगण कानूनी विशेषज्ञ वीरेंद्र जाटव (वरिष्ठ अधिवक्ता सत्र न्यायालय गाज़ियाबाद), और समाजसेवी शामिल हुए। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों ने इसे बहुत लाभकारी और उपयोगी पाया और आयोजकों का धन्यवाद किया।







# खालिस्तानी उपद्रवियों का दुस्साहस, लंदन में जयशंकर के काफिले को बनाया निशाना

**लंदन ।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर के ब्रिटेन दौरे पर खालिस्तानी उपद्रवियों ने एक बार फिर सारी हदें पार कर दी हैं। उन्होंने लंदन में चैथम हाउस के बाहर जमकर उत्पात मचाया। इसी चैथम हाउस में जयशंकर ने एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया था।

दरअसल, जब विदेश मंत्री जयशंकर लंदन में थिंक टैंक से बाहर निकल रहे थे, तब अलगाववादियों और चरमपंथियों के छोटे समूह ने उनका रास्ता रोकने की कोशिश की।

समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, बुधवार रात को कार्यक्रम स्थल के बाहर अलगाववादी झंडे लहराने वाले समूह को बैरिकेडिंग करके घेर लिया गया था। पुलिस की मौजूदगी ने उस पर नजर रखी गई। इस दौरान जब एक शख्स भारतीय झंडे से अभद्रता करते हुए मंत्री की



**ब्रिटेन यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। सुरक्षा में चूक की घटना लंदन में चैथम हाउस के बाहर हुई। यहां खालिस्तान समर्थक नारे लगा रहे उपद्रवियों के एक छोटे समूह के एक शख्स ने सुरक्षा घेरा तोड़ने की कोशिश की**

कार का रास्ता रोकने की कोशिश में बैरिकेडिंग को पार कर भागने लगा। उसे मेट्रोपॉलिटन पुलिस अधिकारियों ने तुरंत अलग लेकर गए। अब तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों ने लंदन के चैथम हाउस के बाहर प्रदर्शन किया। यह वही जगह है, जहां जयशंकर ने बुधवार (यूके के स्थानीय समय) को एक चर्चा में भाग लिया था। प्रदर्शनकारी इमारत के बाहर इकट्ठा हुए। उनके हाथों में झंडे और लाउडस्पीकर थे।

उपद्रवियों ने जयशंकर के कार्यक्रम स्थल के अंदर चर्चा में भाग लेने के दौरान नारे लगाए। चैथम हाउस के निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रोनवेन मैडॉक्स के साथ बातचीत में भारत की उभरती विदेश नीति, क्षेत्रीय गतिशीलता और वैश्विक आर्थिक चुनौतियों पर चर्चा की गई।

# समाज में अभी भी लैंगिक भेदभाव और महिलाओं पर हमलों की घटनाएं आम, यूएन की रिपोर्ट में दावा

**न्यूयॉर्क ।** तीस साल पहले दुनियाभर के नेताओं ने एक ऐतिहासिक ब्लूप्रिंट को स्वीकार किया था, जिसमें लैंगिक समानता के लक्ष्य को हासिल करने की बात थी। हालांकि तीन दशक बीत जाने के बाद भी समाज में महिलाओं की स्थिति में बहुत ज्यादा सुधार नहीं हुआ है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, समाज में महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हमले की घटनाएं अभी भी लगातार जारी हैं। इसका समाज और अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर हो रहा है।

संयुक्त राष्ट्र की यह रिपोर्ट गुरुवार को जारी हुई, जिसमें कहा गया है कि दुनिया के एक तिहाई देशों में तो बीते साल महिलाओं अधिकारों के खिलाफ विरोध भी हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कुछ मामलों में तरक्की हुई है, जिसमें लड़कियों की शिक्षा और परिवार



नियोजन आदि हैं, लेकिन महिलाओं के खिलाफ हिंसा अभी भी चिंताजनक है।

रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में हर 10 मिनट में एक लड़की की उसके ही परिजनों या रिश्तेदारों द्वारा हत्या की जा रही है। महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की घटनाएं साल 2022 की तुलना में 50 फीसदी तक बढ़ गई हैं। यह रिपोर्ट ऐसे समय जारी की गई है, जब 8 मार्च को दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाने वाला है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सिर्फ 87 देश ऐसे हैं, जिनका नेतृत्व महिला नेता द्वारा किया जा रहा है या किया गया। बीजिंग सम्मेलन में लैंगिक भेदभाव से निपटने का घोषणा पत्र हुआ था जारी उल्लेखनीय है कि साल 1995 में बीजिंग में महिला सम्मेलन का आयोजन हुआ था, जिसमें 189 देश शामिल हुए थे। उस सम्मेलन में 150 पन्नों का घोषणा पत्र पारित किया गया था, जिसमें दुनिया में लैंगिक समानता की दिशा में कदम उठाने की बात कही गई थी। इसके लिए गरीबी से लड़ने, लिंग के आधार पर हिंसा को रोकने और व्यापार, सरकार और शांति वार्ता आयोजनों में महिलाओं को शीर्ष भूमिका देने की वकालत की गई थी। इस सम्मेलन में जननांग संबंधी स्वास्थ्य और प्रजनन संबंधी अधिकार महिलाओं को देने की बात कही गई थी। अब उस घोषणा पत्र की समीक्षा में पाया गया है कि लैंगिक समानता और महिला अधिकारों की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं, लेकिन अभी भी दुनियाभर में महिलाओं को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# अपने मछुआरों को श्रीलंकाई जलक्षेत्र में घुसने से रोकें, द्विपीय राष्ट्र की भारत से अपील

**कोलंबो ।** दरअसल, मछुआरे अक्सर मछली पकड़ने के लिए अनजाने में जल सीमा का उल्लंघन कर देते हैं। इसे लेकर श्रीलंका के परिवहन, राजमार्ग, बंदरगाह और नागरिक उड्डयन मंत्री बिमल रथनायके ने कहा कि जल सीमा का उल्लंघन रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने की जरूरत है। भारत के इस कदम की उत्तरी श्रीलंका के लोग बहुत सराहना करेंगे। मछली पकड़ना ही उनके लिए आजीविका का एकमात्र साधन है। उनकी यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगले महीने श्रीलंका की संभावित यात्रा से पहले आई है।

रथनायके ने बुधवार को संसद को बताया कि हम जानते हैं कि भारत श्रीलंका की बहुत मदद कर रहा है, लेकिन जाफना के लोगों के लिए यह



मदद सबसे बड़ी होगी। उनके पास कोई अन्य उद्योग नहीं है और यदि आप मन्नार और थलाईमन्नार जाएंगे तो आप देखेंगे। 'हम भारत के आभारी' रथनायके ने कहा कि भारत ने छळळए के साथ देश के सशस्त्र संघर्ष के दौरान उत्तरी श्रीलंका के लोगों की बहुत सहायता की थी। उन्होंने जोर देकर कहा, 'उन्होंने उन्हें सुरक्षा दी और हम इसके लिए भारत के आभारी हैं। अब भारत, तमिलनाडु सरकार और उनके सांसद जो सबसे बड़ी सेवा कर सकते हैं, वह है उत्तरी लोगों की आजीविका को संरक्षित करने में मदद करना।'

मुद्दे को प्रधानमंत्री के साथ बातचीत के एजेंडे में शामिल करने की

**श्रीलंका सरकार ने भारत से अनुरोध किया है कि वह अपने मछुआरों को द्विपीय राष्ट्र के जलक्षेत्र में अवैध रूप से घुसने से रोके।**

मांग : उन्होंने कहा, 'अगर वे यह मदद नहीं कर सकते तो सवाल यह है कि क्या उनकी बाकी सभी मददें सच्ची थीं।' इस पर विपक्षी सांसद मनो गणेशन ने कहा कि श्रीलंका सरकार को भारतीय मछुआरों द्वारा अवैध रूप से मछली पकड़ने के मुद्दे को भारतीय प्रधानमंत्री के साथ बातचीत के एजेंडे में शामिल करना चाहिए।

इस साल अब तक 130 से अधिक भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया इससे पहले श्रीलंकाई नौसेना ने दावा किया कि उन्होंने 2024 में श्रीलंकाई जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए घुसे 550 से अधिक भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। इस साल अब तक 130 से अधिक भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अप्रैल की शुरूआत में श्रीलंका का दौरा कर सकते हैं पीएम मोदी प्रधानमंत्री मोदी अप्रैल की शुरूआत में श्रीलंका का दौरा कर सकते हैं। यह देश की उनकी चौथी यात्रा होगी। इससे पहले पीएम मोदी ने 2015, 2017 और 2019 में श्रीलंका का दौरा किया था।

# हॉन्गकॉन्ग की अदालत का अहम फैसला

**नई दिल्ली ।** हॉन्गकॉन्ग की एक शीर्ष अदालत ने तियानमेन चौक पर कार्यक्रम आयोजित करने वाले तीन आयोजकों की सजा माफ कर दी। यह हॉन्गकॉन्ग में लोकतंत्र समर्थकों की बड़ी जीत माना जा रहा है। जिन लोगों की सजा माफ की गई है, उनमें जो हांग तुंग, तांग नॉक क्वान और सुइ होन कॉन्ग का नाम शामिल है। ये तीनों हॉन्गकॉन्ग अलायंस के सदस्य है। तीनों को साल 1989 में हुए तियानमेन चौक कांड की याद में हर साल तियानमेन चौक पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए साल 2023 में दोषी ठहराया गया था। तीनों को साढ़े चार महीने जेल की सजा हुई थी। बता दें कि हॉन्गकॉन्ग अलायंस नाम का यह संगठन तियानमेन चौक पर साल 1989 में हुए लोकतंत्र समर्थकों के नरसंहार की वर्षगांठ पर हर साल शहर में मोमबत्ती जलाकर जुलूस निकालने के लिए जाना जाता है। तीनों को साढ़े चार महीने जेल की सजा हुई थी। बता दें कि हॉन्गकॉन्ग अलायंस नाम का यह संगठन तियानमेन चौक पर साल 1989 में हुए लोकतंत्र समर्थकों के नरसंहार की वर्षगांठ पर हर साल शहर में मोमबत्ती जलाकर जुलूस निकालने के लिए जाना जाता है।



# रूस ने जेलेंस्की के गृहनगर में दागी बैलिस्टिक मिसाइल चार लोगों की मौत

**कीव ।** रूस ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के गृहनगर में बुधवार रात को एक होटल को निशाना बनाते हुए। मिसाइल से हमला किया, यूक्रेनी, अमेरिकी और ब्रिटिश नागरिकों सहित एक मानवीय संगठन के स्वयंसेवक अंदर घुसे थे। उन्होंने हालांकि नहीं बताया कि ये लोग उन 31



इस हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म करने को लेकर हो रहे प्रयासों के बीच यह यह हमला हुआ है। इस हमले को लेकर राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मध्य यूक्रेन के क्रीवी रीह में स्थित होटल पर हुए हमले से ठीक पहले घायलों में शामिल थे या नहीं।

यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूस ने यूक्रेन पर रातभर में 112 शाहिद और दो बौलिस्टिक इस्के ंडर मिसाइलें दागीं। जिसके इलाके में भारी नुकसान हुआ है। अभी तक इन हमलों को लेकर रूस की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# टीवी 27 न्यूज के क्षेत्रीय कार्यालय का भव्य उदघाटन




















गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नेशनल चैनल टीवी 27 न्यूज का भव्य उदघाटन गुरुवार को हुआ। राजनगर के सेक्टर 11 में न्यूज चैनल का ऑफिस बनाया गया है। इस अवसर पर चैनल के सीईओ अशोक अग्रवाल,चीफ एडिटर आलोक द्विवेदी,विनोद गुप्ता, डिप्टी सीईओ अभिनव अग्रवाल,स्टेट हेड ,डॉक्टर बी जमा,मंडल प्रभारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# सुंदरकांड के पाठ के बाद श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संभाला पदभार





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री सुल्लामल रामलीला घण्टा घर पर अभी चुनाव हुए थे। चुनाव में दो पैनलों के बीच में कड़ा संघर्ष हुआ जिस में अध्यक्ष अजय बंसल, महामंत्री नरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मित्तल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल चौधरी, मंत्री प्रदीप मित्तल व लेखा परीक्षक रविन्द्र मित्तल ने विजय हासिल की थी।

गुरुवार सुबह रामलीला मंच पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिस के बाद पूर्व अध्यक्ष वीरू बाबा ने सभी नवनिर्वाचीय पदाधिकारियों को बधाई देते हुई पदभार सौंपा। इस अवसर पर अध्यक्ष अजय बंसल ने कहा कि रामलीला का प्रत्येक सदस्य अध्यक्ष है। सभी सदस्यों को एकजुट होकर लीला का भव्य आयोजन करना है। यदि किसी के पास कोई सुझाव है तो उस का स्वागत है। कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू ने कहा कि वह कोषाध्यक्ष के पद पर रहते हुए पारदर्शिता रखेंगे। हिसाब-किताब में आधुनिक तकनीक का प्रयोग करेंगे, यदि किसी भी सदस्य को हिसाब चैक करना होगा तो उस को तत्काल हिसाब मिलेगा। सभी सदस्यों ने सुंदरकांड के पाठ के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कनिष्ठ कोषाध्यक्ष अनिल चौधरी,मंत्री प्रदीप मित्तल, रवींद्र मित्तल लेखा परीक्षक ने कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वाले, सुबोध गुप्ता, ज्ञान प्रकाश गोयल, अनिल कुमार भारद्वाज, पूर्व अध्यक्ष वीरों बाबा, उस्ताद अशोक गोयल,पूर्व मंत्री दिनेश शर्मा बब्बे, ललित तायल,सुमित गर्ग,विनय सिंघल,राजेश बंसल, प्रेमचन्द गुप्ता, व्यापारी नेता राकेश स्वामी,पार्षद नीरज गोयल ,राघवेंद्र शर्मा, आनंद गर्ग,पम्मी सरदार,नंद किशोर नंदू मुख्य रूप से मौजूद थे।

# 'नो मर्सी'! अवैध निर्माणों पर जीडीए की ताबड़तोड़ कार्रवाई, अवैध निर्माण किये गये ध्वस्त




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण पर कार्रवाई किये जाने के निर्देशों के क्रम में गुरुवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-1 के नेतृत्व में पवन पुत्र मिथन सिंह द्वारा खसरा सं0-996 ग्राम भनेडा खुर्द अटौर रोड पर लगभग 10000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में लगभग 8 वर्ष पूर्व अवैध प्लाटिंग की गई थी, महिपाल द्वारा खसरा सं0- 994 राजस्व ग्राम अटौर परगना जलालाबाद पर लगभग 5000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में लगभग 2 वर्ष पूर्व अवैध प्लाटिंग की गई थी। इसके अतिरिक्त सतीश कुमार सहलोत द्वारा खसरा सं0- 993 राजस्व ग्राम अटौर परगना जलालाबाद पर लगभग 5000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में लगभग 2 वर्ष पूर्व अवैध प्लाटिंग किए जाने हेतु चिनाई कर सड़क बनाने हेतु मिट्टी भराई का कार्य किया गया था। स्थल पर किसी भी अवैध कोलोनाईजर/निर्माणकर्ता द्वारा मानचित्र स्वीकृति सम्बन्धी अभिलेख नहीं प्रस्तुत करने के चलते कालोनाईजरों द्वारा बनायी जा रही सड़क, बाउन्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस आदि को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान भारी विरोध प्रकट किया गया, परंतु प्राधिकरण अधिकारियों एवं पुलिस बल द्वारा सूझ बुझ दिखाते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन-1 द्वारा लोगों को सख्त निर्देश दिये गये कि बिना अनुमति किये गये किसी भी निर्माण को बक्शा नहीं जायेगा। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियन्ता व अवर अभियन्ता, एवं प्रवर्तन जोन-1 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई।

# उपमुख्यमंत्री ने किया एक निजी अस्पताल का उद्घाटन

## यूपी में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार : बृजेश पाठक




### आयुष्मान कार्ड से देश के हर वर्ग को मिल रहा मुफ्त इलाज

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण के कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक ने मोदीनगर में एक नीजी अस्पताल का भव्य उद्घाटन किया। इस दौरान कार्यक्रम में व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल भी उपस्थित थे। मोदीनगर के गांव अबुपुर में दिल्ली- मेरठ मार्ग स्थित स्थापित किये गये एक नीजी सुपर स्पेषलिस्ट अस्पताल के शुभारंभ अवसर पर पंहुचे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेडिकल क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर प्रदेश में नये आयाम स्थापित किये है। वर्ष 2014 से पहले प्रदेश में केवल 17 मेडिकल कॉलेज थे, अब यह संख्या बढ़कर 80 हो गई है। उपमुख्यमंत्री ने बर्तमान सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। महिलाएं अब सुरक्षित हैं, व्यापारियों से रंगदारी वसूली बंद हो गई है। किसानों को गन्ना भुगतान समय पर हो रहा है। उन्होंने आयुष्मान योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इससे गरीबों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। किसानों को पीएम सम्मान निधि के रूप में आर्थिक सहायता दी जा रही है। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल और विधायक डॉ0 मंजू शिवाच, भाजपा जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेष सिंघल, पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली, ब्लाक प्रमुख सुचेता सिंह, सहित अनेक बड़ी हस्तियां मौजूद रही।

# एडीसीपी सच्चिदानंद को मिली ट्रैफिक की बड़ी जिम्मेदारी


## लंबे समय तक क्राइम ब्रांच की कमान संभाली और अनगिनत वारदातों को सुलझाया : अजय गुप्ता




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और समाजसेवी अजय गुप्ता ने कहा कि पुलिस कमिश्नरेट में कुछ अधिकारी जनता के बीच अपनी और साफ छवि बनाने में कामयाब होते हैं। उनकी लगन, उनका जनता से प्रेम भाव और मिलनसार ही उनकी पहचान बन जाती है। एडीसीपी क्राइम ब्रांच सच्चिदानंद जिन्होंने अनगिनत अपराधियों को पकड़ने में अग्रिम भूमिका निभाई,और क्राइम ब्रांच के कार्यकाल में लंबे समय के लिए रहे। अपनी टीम को और मजबूत करने और उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाले एडीसीपी साहब, अब ट्रैफिक एडीसीपी की भूमिका बखूबी निभाएंगे। शहर में हो रही जाम की स्थिति को देखते हुए उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी मिली है। हमेशा चेहरे पर मुस्कान लिये हुए,अपराधियों के लिए खौफ बने रहे। उत्तर प्रदेश सरकार का सभी व्यापारी आभार व्यक्त करते हैं। ट्रैफिक जैसी सुरक्षा के लिए उनको ज़िम्मेदारी दी और सभी शहर के नागरिक उनको शुभकामनाएं देते हैं कि भविष्य में वह ऐसे ही जनता के बीच रहें और उनकी समस्या को सुनकर उसका निदान करें। महानगर में वाहनों से लगने वाले जाम से छुटकारा दिलाएं।

# गोवा टूर खूबसूरत पल : विपिन गोयल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सांसद अतुल गर्ग, विधायक अजीत पाल त्यागी, विधायक संजीव शर्मा, विधायक नंदकिशोर गुर्जर, भाजपा कोषाध्यक्ष समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक अनुज मित्तल सहित शहर के कई व्यापारी और राजनीति से जुड़े व्यक्ति गोवा की यात्रा के लिए हिंडन से पहली यात्रा के लिए विमान में सवार हुए। इस यात्रा को सफल बनाने में सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल का भी अहम योगदान रहा। दिल्ली गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुल्लामल रामलीला कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मित्तल भी अपने व्यापारियों को इस ऐतिहासिक यात्रा पर लेकर गए।

संजय नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष भाजपा सह संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ विपिन गोयल भी इस यादगार पल खूबसूरत पल में साथ रहे। वेस्पा कलर से यशवर्धन गुप्ता, शिवा टावर से संजय गोयल, यात्रा के आयोजक आशीष वर्मा गोल्डन गेट वेज टूर द्वारा बहुत अच्छा टूर बना कर दिया सभी लोगों ने यात्रा से आने के बाद उन्हें धन्यवाद किया।

# पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़, एक के पैर में लगी गोली, दूसरा फरार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना सेक्टर-39 पुलिस सेक्टर-41 पुलिस चौकी के सामने चेकिंग कर रही थी। गोपनीय सूचना मिली कि गाड़ी में सवारियों को लिफ्ट देकर नशीला पदार्थ खिलाकर लूटने वाले गिरोह के बदमाश सेक्टर-49 की तरफ से सेक्टर-37 की तरफ अर्टिगा कार से आने वाले है। सूचना पर पुलिस टीम ने बैरियर लगाकर चेकिंग की।

कुछ देर में सेक्टर-49 की तरफ से एक सफेद रंग की अर्टिगा कार आती दिखी। पुलिस टीम ने उक्त कार को रोकने का प्रयास किया। वो रुके नहीं बल्कि तेजी से कार को मॉल के कट से सेक्टर-45 की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा करीब 800 मीटर तक पीछा किया गया। वॉर्निंग दी गई लेकिन उन्होंने कार नहीं रोकी। सेक्टर-42 के जंगल की तरफ गाड़ी को बदमाशों ने मोड़ दिया और अपने को घिरता देखकर बदमाशों ने पुलिस पर फायर कर दिया। कार को जंगल में छोड़कर भागने लगे। पुलिस टीम ने जवाबी फायरिंग की। इसमें एक बदमाश को गोली लगी। इसकी पहचान शिव कुमार उर्फ चिन्टु उर्फ शिवम कुमार हुई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।

दूसरा बदमाश फरार, कांबिंग जारी वहीं दूसरा बदमाश मौके से फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है। इनके कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक अर्टिगा कार, 15 हजार रुपए व एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। ये मोबाइल 22 फरवरी को एक सवारी को गाड़ी में लिफ्ट देकर नशीला पदार्थ खिलाकर लूटा था। इस संबंध में थाना सेक्टर-39 पर मुकदमा दर्ज है। बदमाश के खिलाफ इटावा में गैंग्स्टर एक्ट के तहत मुकदमा है। इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रविन्द्र त्यागी बिल्डर हैं,वो क्रिकेट से जुड़े हैं और उससे भी बड़ी बात ये है कि वो संबंधों को बिल्ड करते हैं। वो हमेशा अपनो से जुड़ कर चलते हैं। वो तिरुपति बाला जी तीर्थ स्थल पर गए तो पूजा अर्चना के बाद ये फोटो फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।